रोहतक
शनिवार, 13 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 167
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.3
न्यून. 27.3

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

*13 फरवरी से डटे हुए हैं किसान, हाईकोर्ट ने भी राजमार्ग खोलने का दिया था आदेश*

# शंभू बॉर्डर खोले हरियाणा, यातायात नियंत्रित करे सरकार

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश, राजमार्ग अवरुद्ध करने के अधिकार पर भी उठाए सवाल, मांगा हलफनामा

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हरियाणा सरकार से अंबाला के पास शंभू बार्डर पर लगाए गए अवरोधक हटाने और यातायात नियंत्रित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कोर्ट ने राजमार्ग को अवरुद्ध करने के उसके अधिकार पर प्रश्न उठाए। अपनी विभिन्न मांगों के पक्ष में किसान 13 फरवरी से शंभू बार्डर पर डेरा डाले हुए हैं। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा, 'कोई राज्य राजमार्ग को कैसे अवरुद्ध कर सकता है? यातायात को नियंत्रित करना उसका कर्तव्य है। हम कह रहे हैं कि इसे खोलिए, लेकिन नियंत्रित कीजिए।' न्यायमूर्ति कांत ने राज्य के वकील से कहा, 'आप उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती क्यों देना चाहते हैं? किसान भी इस देश के नागरिक हैं। उन्हें भोजन और अच्छी चिकित्सा सुविधा दीजिए। वे आएंगे, नारे लगाएंगे और वापस चले जाएंगे। मुझे लगता है कि आप सड़क मार्ग से यात्रा नहीं करते हैं।' इस पर वकील ने कहा कि वह भी सड़क मार्ग से ही यात्रा करते हैं। पीठ ने कहा कि तब तो उन्हें (वकील) भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा होगा।

### खिंचाई

- फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग कर रहे हैं किसान
- अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच करना चाहते थे, लेकिन रोके गए
- सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती क्या दे रहे हैं



### यह कहा था हाईकोर्ट ने

उच्च न्यायालय ने 10 जुलाई को हरियाणा सरकार को एक सप्ताह के भीतर शंभू बॉर्डर से अवरोधक हटाने का आदेश दिया था। अदालत ने यह भी कहा था कि यदि कानून-व्यवस्था से जुड़े कोई हालात पैदा हों तो राज्य सरकार कानून के अनुसार एहतियाती कार्रवाई कर सकती है। अदालत ने इसी प्रकार के आदेश पंजाब सरकार को भी दिए थे।

**हरियाणा ने रोका :** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) ने फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों के पक्ष में दिल्ली की ओर बढ़ने की घोषणा की थी, जिसके बाद हरियाणा सरकार ने फरवरी में अंबाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोधक लगा दिए थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब हरियाणा सरकार के वकील ने कहा कि राज्य, उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की प्रक्रिया में है जिसमें उसे सात दिन के भीतर राजमार्ग खोलने का निर्देश दिया गया था।

### किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच फरवरी में हुई थी झड़प

पीठ ने राज्य सरकार से लंबित मामले में हुई प्रगति पर हलफनामा दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सात मार्च के फैसले को चुनौती दी गई है। फैसले में फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प के दौरान किसान शुभकरण सिंह की मौत मामले की जांच के लिए उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया था। उच्चतम न्यायालय ने एक अप्रैल को उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

# सोनीपत में भाऊ गैंग के 3 शॉर्प शूटर ढेर

- सोनीपत एसटीएफ और दिल्ली पुलिस ने की कार्रवाई
- खरखौदा में रोहतक बाईपास पर एनकाउंटर
- हिसार का आशीष, सन्नी खरड़ और रिंढाना का मारा गया
- दिल्ली में हुई वारदातों में भी शामिल रहे

*हिसार में व्यापारी से पांच करोड़ की रंगदारी मांगने, मातूराम हलवाई की दुकान पर फायरिंग कर रंगदारी मांगने और शराब कारोबारी की मुरथल में हुई हत्या मामले में थे संलिप्त*



**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** रोहतक बाईपास स्थित छिन्नौनी रोड पर नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रही एसटीएफ सोनीपत व न्यू दिल्ली रेंज आरके पुरम की टीम के साथ बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। जिसमें बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने बचाव में गोली चलाई तो तीन बदमाश घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार देर रात करीब नौ बजे एसटीएफ सोनीपत प्रभारी योगेंद्र दहिया के नेतृत्व में टीम गश्त कर रही थी। वहीं न्यू दिल्ली रेंज क्राइम ब्रांच की एक टीम भी खरखौदा क्षेत्र में थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि भाऊ गैंग से जुड़े तीन बदमाश छिन्नौनी रोड से आने वाले हैं। पुलिस ने रोहतक बाईपास के पास नाका लगा दिया। कुछ देर बाद सफेद रंग की कीया गाड़ी पुलिस को आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो कार सवार बदमाशों ने भागने की कोशिश की।

### पुलिस ने रोका तो फायरिंग

पुलिस ने बदमाशों ललकारा तो उन्होंने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में तीनों बदमाश गोलियां लगने से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल में पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बदमाशों की पहचान हिसार के आशीष उर्फ लालू, हिसार के गांव खरड़ निवासी सन्नी और गोहाना के गांव रिंढाना निवासी विक्की के रूप में हुई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### इन मामलों में शामिल

तीनों हिसार में व्यापारी से पांच करोड़ की रंगदारी मांगने, मातूराम हलवाई की दुकान पर फायरिंग कर रंगदारी मांगने और शराब कारोबारी की मुरथल में हुई हत्याकांड के मामले में संलिप्त बताए जा रहे हैं।

# अब 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगा केंद्र

## गृह मंत्री शाह ने किया ऐलान, अधिसूचना भी जारी

- गृह मंत्री शाह ने किया ऐलान, अधिसूचना भी जारी
- 1975 में इसी दिन लगा था आपातकाल
- इंदिरा गांधी ने किया था ऐलान, अटल-आडवाणी-जयप्रकाश जैसे नेता हुए थे गिरफ्तार
- गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी
- प्रधानमंत्री मोदी ने इसे काला अध्याय बताया
- कांग्रेस ने कहा, सुर्खियां बटोरने वाली कवायद



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान अमानवीय पीड़ा झेलने वालों के व्यापक योगदान को याद करने के लिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि 'संविधान हत्या दिवस' मनाने से प्रत्येक भारतीय में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा की अमर ज्वाला को प्रज्वलित रखने में मदद मिलेगी, जिससे कांग्रेस जैसी तानाशाही ताकतों को उन भयावहताओं को दोहराने से रोका जा सकेगा। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, जिसके बाद तत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता का घोर दुरुपयोग किया और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए गए। भारत के लोगों को संविधान और इसके लचीले लोकतंत्र की शक्ति पर अटूट विश्वास है। इसलिए, भारत सरकार 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में घोषित करती है।

### 25 जून 1975 को इंदिरा ने लागू किया था

शाह ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही मानसिकता का खुला प्रदर्शन करते हुए देश में आपातकाल लागू करके भारत के लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया।

### पीएम ने काला दौर बताया

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, '25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाएगा कि उस दिन क्या हुआ और संविधान को कैसे कुचला गया था। ये भारत के इतिहास में कांग्रेस द्वारा लाया गया एक काला दौर था।'

### कांग्रेस बोली- सुर्खियां बटोरने वाली कवायद

कांग्रेस ने सरकार के इस फैसले को एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, 'यह नॉन बायोलॉजिकल पीएम की एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद है, जिसने दस साल तक अघोषित आपातकाल लगाया था। उसके बाद भारत के लोगों ने उसे 4 जून, 2024 को एक निर्णायक व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार दी।

## प्रदेश कैबिनेट के फैसले, सरकार ने तैयार की आईटी सक्षम युवा योजना

*आईटी सक्षम युवा को पहले 6 माह 20 हजार और 7वें माह से 25000 मासिक वेतन मिलेगा*

# गरीब परिवारों के 60,000 युवाओं को मिलेगा रोजगार

## यदि आईटी सक्षम युवा को तैनाती नहीं मिली तो 10,000 बेरोजगारी भत्ता देंगे

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश मंत्री समूह की बैठक में शुक्रवार को कई अहम निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जींद के गांव बडनपुर और सुंदरपुरा तहसील उचाना से तहसील नरवाना में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। वहीं, प्रदेश में युवा सशक्तीकरण और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए आईटी सक्षम युवा योजना-2024 तैयार की गई है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य पहले चरण में 5,000 युवाओं को रोजगार देना है। वर्ष 2024-25 के बजट अभिभाषण के दौरान मिशन@60,000 के अनुरूप तैयार की योजना का लक्ष्य गरीब परिवारों के 60,000 युवाओं को रोजगार देना है। योजना के तहत, आईटी पृष्ठभूमि वाले युवाओं (स्नातक/स्नातकोत्तर) को रोजगार प्रदान किया जाएगा, जो न्यूनतम 3 महीने की अवधि के लिए हरियाणा आईटी कार्यक्रम (विशेष रूप से डिजाइन किए गए अल्पकालिक पाठ्यक्रम) करेंगे व उसके बाद हरियाणा में विभिन्न विभागों/बोर्डों/निगमों/जिलों/पंजीकृत समितियों/एजेंसियों या निजी संस्थाओं में तैनात किया जाएगा और रोजगार दिया जाएगा।



### यह मिलेगा पारिश्रमिक

आईटी सक्षम युवा को पहले 6 महीने 20,000 रुपये मासिक पारिश्रमिक दिया जाएगा। इसके बाद सातवें महीने से 25,000 मासिक इंडेंटिंग संस्थाओं द्वारा दिए जाएंगे। यदि किसी आईटी सक्षम युवा को तैनात नहीं किया जा सकेगा तो उस स्थिति में सरकार उसे 10,000 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देगी। सरकार इन प्रशिक्षित आईटी सक्षम युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने में सुविधा प्रदान करेगी।

### 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना' मंजूर

समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) को किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लिए नीति को मंजूरी दी गई है। शुरुआत में इस योजना के तहत 1 लाख आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आवास उपलब्ध कराना है। *(पेज 2 भी देखें)*

### गांवों को 2400 करोड़, पंचायत प्रतिनिधियों की पेंशन बढ़ाई

**1861 ग्राम पंचायतों के लिए 118.47 करोड़ जारी, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए 1800 करोड़ देंगे**

**चंडीगढ़।** सीएम नायब सैनी ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय पंचायत-सम्मेलन में पंचायतीराज संस्थाओं को करोड़ों की सौगात दी। इस मौके पर 2400 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा की। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए 1800 करोड़ खर्च किए जाएंगे। वहीं, 1861 ग्राम पंचायतों को एससी/बीसी चौपालों की मरम्मत के लिए अधूरी पड़ी चौपालों को पूरा करने के लिए एक क्लिक से 118.47 करोड़ रुपये जारी किए। साथ ही पंचायतीराज प्रतिनिधियों की पेंशन में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। जिला परिषद अध्यक्ष की पेंशन 2,000 बढ़कर 3,000 रुपये, उपाध्यक्ष की 1,000 से 1,500 रुपये, पंचायत समिति अध्यक्ष की 1,500 से 2,250 रुपये, उपाध्यक्ष की 750 से 1,125 रुपये और सरपंच की पेंशन 1,000 बढ़ाकर 1,500 रुपये की है।

### हरियाणा में 40 करोड़ की संपत्ति और 16 लाख की नकदी जब्त

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों से संबंधित धनशोधन मामले में हरियाणा के कुछ अधिकारियों और विभिन्न व्यक्तियों के खिलाफ छापे मारकर 40 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति से संबंधित दस्तावेज, बैंक लॉकर और 16 लाख रुपये से अधिक नकदी जब्त की है। हरियाणा और पड़ोसी राज्य पंजाब के 14 स्थान पर नौ जुलाई को ये छापे मारे गए। ईडी ने एक बयान में कहा कि धनशोधन का मामला 2020 में हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज की गईं कई प्राथमिकियों से संबंधित है, जिनमें आरोप लगाया गया था कि दावेदारों ने गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दिखाकर आबकारी और कराधान विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से रिफंड प्राप्त किया गया था, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ।




# केजरी को ईडी मामले में जमानत सीबीआई केस में जेल में ही रहेंगे



**सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सीएम बने रहना है या नहीं खुद तय करें**

**सुप्रीम कोर्ट ने दी शराब नीति मामले में अंतरिम जमानत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शराब नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी है। हालांकि उनके खिलाफ दूसरा मामला सीबीआई का है, जिसमें उनकी न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ गई है, इसलिए वे जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। जस्टिस संजीव खन्ना ने जमानत देते हुए कहा-केजरीवाल 90 दिन से जेल में हैं। इसलिए उन्हें रिहा किए जाने का निर्देश देते हैं। हम जानते हैं कि वह चुने हुए नेता हैं और ये उन्हें तय करना है कि वे मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं या नहीं। जस्टिस खन्ना ने कहा-हम ये मामला बड़ी बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं। गिरफ्तारी की पॉलिसी क्या है, इसका आधार क्या है। इसके लिए हमने ऐसे 3 सवाल भी तैयार किए हैं। बड़ी बेंच अगर चाहे तो केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर बदलाव कर सकती है। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उसके बाद राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें कस्टडी में भेज दिया था। गिरफ्तारी और कस्टडी को केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर सुनवाई हुई।

# चीन समर्थक ओली ने किया सरकार बनाने का दावा पेश

भाषा ▸▸| काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' शुक्रवार को संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए। उसके बाद पूर्व पीएम एवं चीन समर्थक माने जाने वाले केपी शर्मा ओली ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। पिछले सप्ताह सरकार से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने समर्थन वापस ले लिया था। इसके बाद ओली के नेतृत्व में नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सीपीएन-यूएमएल अध्यक्ष ओली ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के समक्ष 165 सांसदों के समर्थन से नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया। इन सांसदों में उनकी पार्टी के 77 और नेपाली कांग्रेस के 88 सांसद शामिल हैं। इससे पहले देश की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में मतविभाजन के दौरान 69 वर्षीय प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े। विश्वासमत हासिल करने के लिए कम से कम 138 वोट की जरूरत थी।



### नेपाल में सियासी घटनाक्रम

- प्रचंड संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए
- 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में प्रचंड को 63 वोट मिले



## खबर संक्षेप

### बिट्टू बजरंगी को धमकी देने का आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** नूंह हिंसा के आरोपी बिट्टू बजरंगी को मोबाइल फोन पर कथित रूप से जान से मारने की धमकी देने वाले एक नाबालिग को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार बताया कि सारन थाने में बिट्टू बजरंगी ने शिकायत दर्ज करायी थी कि छह जुलाई को किसी ने उसे फोन कर एक लाख रुपए देने और जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में पुलिस ने 15 वर्षीय एक नाबालिग को हिरासत में लिया जो 11वीं कक्षा में पढ़ता है एवं राजस्थान के डीग क्षेत्र का निवासी है।

### प्रदेश में दो लाख से ज्यादा पद खाली : इनेलो

**चंडीगढ़।** इनेलो प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी पूरे देश में सबसे अधिक है जो भाजपा सरकार की विफलता है। गौरतलब है कि विभिन्न सरकारी विभागों में 2 लाख से अधिक पद खाली हैं। भाजपा के दस साल के शासनकाल में ज्यादातर भर्तियां कोर्ट में अटकी पड़ी हैं या फिर सरकारी नौकरियों पर प्रदेश से बाहर के लोगों की भर्ती की गई है।

### एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही सरकार : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रेसवार्ता कर अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का हम स्वागत करते हैं और सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते हैं। इस दौरान उनके साथ लीगल विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष गेहल सिंह संधू मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से साबित हो गया है कि सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनेताओं को परेशान कर रही है।

### मनीमाजरा में लगा पौधों का लंगर

**चंडीगढ़।** विश्वास फाउंडेशन मनीमाजरा में बाबा गार्मेंट्स के सामने व मोटर मार्केट में श्री कांशी ट्रैडिंग के सामने 1000 पौधों का लंगर लगाया गया। इनमें 9 तरह की किस्म के पौधे बांटे गए जिसमें की बेल, आम, आंवला, इमली, जामुन, सहजन, चमेली, गुलमोहर व जंगली नीम थे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को फायदा मिल सके। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि प्रत्येक वर्ष फाउंडेशन द्वारा 4000 पौधे लगाये जाते हैं।

## मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय पंचायत-सम्मेलन में पंचायतीराज संस्थाओं को दीं सौगातें

# सरपंच गांवों के विकास का रोडमैप तैयार करें, पैसे की कमी नहीं आने देंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने शुक्रवार को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय पंचायत-सम्मेलन में पंचायतीराज संस्थाओं को एक साथ कई नायाब सौगातें देकर मालामाल कर दिया। उन्होंने जहां 2400 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की वहीं प्रदेश की 1861 ग्राम पंचायतों को एससी/बीसी चौपालों की मरम्मत या अधूरी पड़ी चौपालों को पूरा करने के लिए अनुदान के तौर पर एक क्लिक से 118 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। मुख्यमंत्री ने पंचायतीराज प्रतिनिधियों की पेंशन में बढ़ोतरी करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सरपंचों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी सरपंच अपने -अपने गांव के विकास के लिए कार्य करवाने हेतु रोड-मैप बनाएं, धन की कतई कमी नहीं रहने दी जाएगी। पंचायत में प्रस्ताव पास करके अपने क्षेत्र के विधायकों को भेज दें, बिना रोक-टोक काम करवाया जाएगा।




**चंडीगढ़।** पंचायत-सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### अब जिप चेयरमैन डीसी के साथ कुर्सी पर बैठेंगे

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पहली ऐसी सरकार है जिसने राज्य स्तरीय कार्यक्रमों एवं समारोहों के अवसर पर अपने क्षेत्राधिकार में जिला परिषद के अध्यक्ष, पंचायत समिति के अध्यक्ष और ग्राम पंचायतों के सरपंचों के प्रोटोकॉल का भी प्रावधान किया है। अब जिला परिषद का चेयरमैन डीसी और एसपी के साथ कुर्सी पर बैठेंगे। ब्लॉक समिति के चेयरमैन को एडीसी व सीजेएम के साथ और सरपंचों को भी सम्मान देने के लिए प्रोटोकॉल लिस्ट में पहली बार शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने शासन में पंचायतीराज संस्थाओं की अधिक भागीदारी देने के लिए अंतर -जिला परिषद का गठन किया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल, विकास एवं पंचायत राज्य मंत्री महिपाल ढांडा ने भी सरपंचों को सम्बोधित किया।

## प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कई फैसलों पर मुहर



**चंडीगढ़।** हरियाणा मंत्रिसमूह की बैठक मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कई अहम फैसलों पर मुहर लगा दी गई है। बैठक में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना को मंजूरी दी गई।

■ **मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना को मंजूरी**

समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) को किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लिए नीति को मंजूरी दी गई है। नीति के तहत राज्य के उन सभी गरीब परिवारों को आवास सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिनके पास या तो शहरी क्षेत्रों में अपना घर नहीं है या वे वर्तमान समय में कच्चे घरों में रहते हैं। शुरुआत में इस योजना के तहत 1 लाख आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आवास उपलब्ध कराना है। योजना का पात्र होने के लिए लाभार्थियों के पीपीपी और आय 1.80 लाख तक की पारिवारिक आय होनी चाहिए।

## कई नेताओं ने कांग्रेस का दामन थामा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



लोकसभा चुनाव में करनाल से बीएसपी के प्रत्याशी और पूर्व में जेजेपी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रहे इन्द्रजीत सिंह ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली है। साथ ही 2019 विधानसभा चुनाव में बवानीखेड़ा से जेजेपी उम्मीदवार के तौर पर 22943 वोट हासिल करने वाले राम सिंह वैद ने भी कांग्रेस का दामन थामा है। एचपीएससी के के पूर्व सदस्य डॉ. पवन धनवाल भी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

तीनों ने पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, उदयभान और सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में पार्टी ज्वाइन की। हुड्डा और उदयभान ने सभी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया और पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। चंडीगढ़ स्थित हुड्डा आवास पर हुए ज्वाइनिंग कार्यक्रम में इन्द्रजीत सिंह, राम सिंह वैद व डॉ. पवन धनवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार में ही एससी, ओबीसी व वंचित वर्गों के हित सुरक्षित हैं।

लोकसभा चुनाव के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि हरियाणा की जनता अब बदलाव के मूड में है और 36 बिरादरी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार देखना चाहती है।


### कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कहा गया। एतद द्वारा कर्जदार को और आम जन को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदारों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री बलवंत, श्रीमती सीता देवी, प्रोस्पैक्ट नं. IL10455966 | गांव धांगर, तहसील व जिला फतेहाबाद, हरियाणा-125048 के लाल डोरा में स्थित प्लॉट / मकान नं. 604480304 और यू.डी.आई. नं./प्रोपर्टी कोड 604480WPAS1A1PH0304A, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति का प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1096.00, 850.00, 680.00 | ₹ 716826.00/- (रुपये सात लाख सोलह हजार आठ सौ छब्बीस केवल) | 14/03/ 2024 | 09/07 2024 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ 408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 13.07.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.


## बड़ौली कल प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली रविवार को रोहतक स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को विधिवत रूप से प्रदेश अध्यक्ष का पद ग्रहण करवाएंगे। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी, प्रदेश के मंत्री, विधायक, पदाधिकारी एवं तमाम बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे।

## किसान ऑर्गेनिक खेती अपनाएं : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को ऑर्गेनिक खेती करने के लिए प्रेरित करने हेतु प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है ताकि किसान ऑर्गेनिक खेती को अपनाकर अपनी आय में इजाफा कर सकें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पिंजौर के यादवेंद्र गार्डन में 31 में आम मेले में लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने मुख्य प्राकृतिक खेती की ओर रूझान बढ़ाने के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार भी इस उद्देश्य को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि मेले के माध्यम से किसानों को ऑर्गेनिक खेती के लिए आधुनिक तकनीक को अपने का मौका मिलेगा।

## हरियाणा को तरक्की की राह पर लेकर जा रहे मुख्यमंत्री सैनी : सतीश पूनिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकसित बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी के ही दिखाएं गए रास्ते पर चलकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनहित के काम कर रहे हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में विजय संकल्प को लेकर शुक्रवार को अहमदाबाद गुजरात में प्रवास पर पहुंचे डा. पूनिया ने बोपल में हरियाणा परिवार के प्रबुद्धजनों, उद्यमियों और समाजसेवियों के साथ संवाद किया और तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया।प्रवासियों से बातचीत करते हुए डा. सतीश पूनिया ने कहा कि हरियाणा की तरक्की और विकसित हरियाणा बनाने के लिए भाजपा सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2014 में हरियाणा की देश भक्त और राम भक्त जनता ने भाजपा की सरकार चुनी थी।

■ **अहमदाबाद में हरियाणा के परिवारों से मिले प्रदेश प्रभारी पूनिया**




### दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक
### सूचना

दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक की सभी सदस्य समितियों को सूचित किया जाता है कि बैंक के निदेशक मण्डल का कार्यकाल दिनांक 09.11.2024 को समाप्त होने जा रहा है। चुनाव हेतु गठित जोनल कमेटी द्वारा अपनी बैठक दिनांक 18.06.2024 को नियमानुसार निम्नलिखित जोन आरक्षित किये गये हैं।

| क्र.स. | नम्बर | जोन का नाम | श्रेणी | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | भालौठ | सामान्य | कृषि ऋण सेवा, किसान सेवा समितियां |
| 2 | 2 | इस्माईला | सामान्य | कृषि ऋण सेवा, किसान सेवा समितियां |
| 3 | 3 | बसन्तपुर | सामान्य | कृषि ऋण सेवा, किसान सेवा समितियां |
| 4 | 4 | महम | आरक्षित अनुसूचित जाति | कृषि ऋण सेवा, किसान सेवा समितियां |
| 5 | 5. | भाली आनन्दपुर | आरक्षित महिला | कृषि ऋण सेवा, किसान सेवा समितियां |
| 6 | 6 | कलानौर | सामान्य | कृषि ऋण सेवा, किसान सेवा समितियां |
| 7 | 7 | खेडी महम | सामान्य | कृषि ऋण सेवा, किसान सेवा समितियां |
| 8 | 8 | नोन एग्री. रोहतक अन्य | आरक्षित महिला | अतिरिक्त कृषि ऋण सेवा, किसाना सेवा समितियां |
| 9 | 9 | नोन एग्री. रोहतक उत्तर | सामान्य | अतिरिक्त कृषि ऋण सेवा, किसाना सेवा समितियां |
| 10 | 10 | नोन एग्री. रोहतक दक्षिण | सामान्य | अतिरिक्त कृषि ऋण सेवा, किसाना सेवा समितियां |

उपरोक्त के इलावा दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक की सभी सदस्य समितियां (परिसमापनाधीन समितियों को छोड़कर) से निवेदन किया जाता है कि हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 की धारा 21 व हरियाणा सहकारी समितियां नियम 1989 के नियम 20 के तहत इस बैंक निदेशक मण्डल के चुनाव में भाग लेने हेतु आप नोटिस प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर 2 अपनी समिति के प्रतिनिधि भेजने का प्रस्ताव पास करके दिनांक 12.08.2024 को सांय 4:00 बजे तक दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक के दिल्ली रोड स्थित मुख्यालय में प्रस्ताव की नकल सक्षम अधिकारी (सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां रोहतक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिल्क प्लांट रोहतक) द्वारा सत्यापित करवाकर बैंक के महाप्रबन्धक के पास जमा करवायें। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होगा।

हस्ता/- महाप्रबन्धक



### डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, **डिमांड नोटिस की तिथि** के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्रीमती विशाल, श्रीमती विद्या रानी (प्रोस्पेक्ट नं. 963370, 968299) | 11-07-2024 (प्रोस्पेक्ट नं. 963370) रु. 425624.00/- (रुपये चार लाख पच्चीस हजार छह सौ चौबीस केवल) (प्रोस्पेक्ट नं. 968299) रु. 113265.00/- (रुपये एक लाख तेरह हजार दो सौ पैंसठ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : नगर निगम, तहसील व जिला करनाल, हरियाणा, भारत-132001 के अंदर, राम नगर में स्थित म. नं. 1201/5 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 398.00, 262.00, 250.00 |
| श्री मुकेश कुमार, कन्हैया गारमेंट्स एंड आर्टिफिकैल ज्वेलरी, श्रीमती अगन दीप (प्रोस्पेक्ट नं. 966566, 970238) | 11-07-2024 (प्रोस्पेक्ट नं. 966566) रु. 566662.00/- (रुपये पांच लाख छियासठ हजार छह सौ बासठ केवल) (प्रोस्पेक्ट नं. 970238) रु. 128278.00/- (रुपये एक लाख अठाईस हजार दो सौ अठहत्तर केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव गंजो गढ़ी, तहसील व जिला करनाल, हरियाणा-132001 में स्थित सम्पत्ति यू.आई.डी. नं. 059231W00M2060RR182A क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1767.00 |
| श्रीमती ऊषा रानी, श्री रूलिया राम, नवीन जनरल स्टोर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10290496) | 10-07-2024 रु. 527882.00/- (रुपये पांच लाख सताईस हजार आठ सौ बयासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव बिजारपुर (आबादी देह/लाल डोरा के अंदर), तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा, भारत-136118 में स्थित सम्पत्ति प्लॉट/मकान/ सम्पत्ति यू.आई.डी. नं. 58345EKOM0000R0107A क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 746.00, 746.00, 670.00 |
| श्री रजत, श्री मुकेश कुमार, श्रीमती सुरेशो देवी, रजत मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10365246) | 10-07-2024 रु. 547867.00/- (रुपये पांच लाख सैंतालीस हजार आठ सौ सड़सठ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव भाम्भोली, तहसील सरस्वती नगर, जिला यमुनानगर, हरियाणा, भारत-133103 में स्थित प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 57703NB1S400ORO4740 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1205.00, 755.00, 604.00 |
| श्री आजाद, श्रीमती कमलेश पत्नी आजाद (प्रोस्पेक्ट नं. IL10382381) | 11-07-2024 रु. 384287.00/- (रुपये तीन लाख चौरासी हजार दो सौ सत्तासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव महम, तहसील महम, जिला रोहतक, हरियाणा-124001 में स्थित प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 763, वार्ड नं. 2 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 553.00 |
| श्री करमवीर, श्रीमती केलो (प्रोस्पेक्ट नं. IL10560848) | 10-07-2024 रु. 576288.00/- (रुपये पांच लाख छिहत्तर हजार दो सौ अठासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : खेवट नं. 114 (पुराना 89) खाता नं. 105, गांव जुलाना, तहसील जुलाना, जिला जीन्द, हरियाणा भारत-126101 में निहित सम्पत्ति क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 865.00, 692.00 |
| श्री सिन्ना, श्रीमती फरजाना, सिन्ना मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10598421) | 10-07-2024 रु. 469107.00/- (रुपये चार लाख उनहत्तर हजार एक सौ सात केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : आर/ओ गांव बल्हेरा, तहसील घरौंडा, जिला करनाल, हरियाणा, भारत-132114 में स्थित प्लॉट/मकान एलजीडी/यूआईडी नं. 594090129 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 656.00, 458.00, 366.00 |
| श्री मुकुल, श्री दलवीर, श्रीमती नीलम देवी, मुकुल मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10678209) | 10-07-2024 रु. 488867.00/- (रुपये चार लाख अठासी हजार आठ सौ सड़सठ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव धरमगढ़, तहसील सफीदों, जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126112 में स्थित प्लॉट/मकान एलजीडीयूआईडी नं. 602250087 और यूआईडी नं. NH1M1S70R0087A क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 518.00, 415.00, 332.00 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय : 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103, करनाल - एससीओ 408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001** /अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 13.07.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.


## हरियाणा के लाल से डरती है भाजपा : गुप्ता



**चंडीगढ़\रोहतक।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि कहा कि राउस एवेन्यू कोर्ट का फैसला हो या सुप्रीम कोर्ट, दोनों कोर्ट के फैसले इस बात को साबित कर देते है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी राजनीतिक दुर्भावना से ग्रस्त थी। आम आदमी पार्टी के खिलाफ षड्यंत्र था। राऊज ऐवेन्यू कोर्ट ने कहा था कि ये फर्जी मामला है, इसमें कोई लेनदेन नहीं हुआ और 25 पैसे की भी रिकवरी नहीं हुई है। इस केस का दूर दूर तक अरविंद केजरीवाल का कोई संबंध नहीं है। परंतु बीजेपी सरकार अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान है और उसके कामों को रोकना चाहती है। बीजेपी दिल्ली के तीन बार चुने हुए मुख्यमंत्री को एक फर्जी केस में बिना किसी सबूत के जेल में बंद रखना चाहती है।

## सिरसा थेहड़ विस्थापितों के समर्थन में उतरीं सैलजा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार और प्रशासन दोनों ने मिलकर सिरसा थेहड़ विस्थापितों का जीवन नरक सा बना दिया है, इन विस्थापित 730 परिवारों को अस्थायी रूप से हाउसिंग बोर्ड फ्लैटों में बसाया गया है। जहां पर वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, वे आज भी बिजली, पीने का पानी और सीवरेज को लेकर परेशान है। कभी हाउसिंग बोर्ड फ्लैटों को खाली कराने के लिए भेज देता है।

# सीटिंग- गेटिंग का फार्मूला नहीं चलेगा कांग्रेस को जिताऊ चेहरों की तलाश

## पार्टी सर्वे के आधार पर देगी टिकट, चल रहा मंथन

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

एक तरफ जहां सत्ताधारी पार्टी भाजपा किसी भी सूरत में हैट्रिक लगाने की रणनीति पर काम कर रही है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस भी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अब करो या मरो की नीति पर चल पड़ी है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदयभान ने भी साफ कर दिया है कि सीटिंग गेटिंग का फार्मूला नहीं बल्कि हमें किसी भी सूरत में जिताऊ चेहरों की तलाश है, इसके लिए पार्टी में चिंतन मंथन हो चुका है, साथ ही सर्वे भी कराया जा रहा है, इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही अंतिम फैसला हाईकमान को लेना है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से विधानसभा चुनावों को लेकर सर्वे की शुरुआत कर दी गई है। पार्टी नेतृत्व ने विधानसभा चुनावों में मजबूत और जिताऊ प्रत्याशियों को अभी से सूचीबद्ध करने की मुहिम चला दी है। इस काम का जिम्मा भी एक एजेंसी को दे दिया गया है।

कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस जीत के 'स्टार' बने कानूगोलू की ओर से ही लोकसभा चुनावों के दौरान सर्वे भी किया गया था। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रत्याशियों के चयन को लेकर ग्राउंड से फीडबैक जुटाया जा रहा है। एक दशक से सत्ता से बाहर कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनावों में पाचं सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद से हौसले में हैं। 2019 के विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन उम्मीद से काफी अच्छा रहा था। विपरीत हालात के बाद कांग्रेस 31 सीटों पर चुनाव जीतने में कामयाब रही थी।

लोकसभा चुनावों में भी दस में से पांच सीटों पर फतेह के बाद से विधानसभा चुनावों में भी उन्हें बेहतर परिणाम आने की उम्मीद बंध गई है। वहीं मौजूदा विधायकों की टिकट पर भी तलवार लटक गई है, क्योंकि पीसीसी चीफ ने साफ कर दिया है कि हमे केवल जिताऊ उम्मीदवार से मतलब है। फीडबैक के आधार पर फैसला होगा।



### ग्राउंड से फीडबैक लिया जा रहा

प्रदेशाध्यक्ष उदयभान का कहना है कांग्रेस विधानसभा चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार है और सर्वे करवाया जा रहा है। पार्टी हाईकमान की ओर से भी एक एजेंसी के जरिये ग्राउंड से फीडबैक लिया जा रहा है। यहां तक की विधायकों को भी आवेदन जमा कराना होगा। टिकट आवंटन के समय ही तय होगा कि पार्टी हाईकमान क्या फैसला करता है।


### हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | हरियाणा भवन, नई दिल्ली में कैंटीन उपकरण, फर्नीचर की विशेष मरम्मत और ग्रेनाइट कार्य। | बंद होने की तिथि 17.07.2024 | 26.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज करनाल | वीएएनजीवाई स्कीम 2023-24 के तहत गांव बैरसाल, ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में राम गढ़िया चौपाल में चारदिवारी को पूरा करना + 5 कार्य। | 10.07.2024 17.07.2024 | 37.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 3 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएमजीएमसी नल्हार नूह में स्टेशनरी मदों-III हेतु निविदा। | बंद होने की तिथि 24.07.2024 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 4 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएमजीएमसी नल्हार नूह में स्टेशनरी मद-IV हेतु निविदा। | बंद होने की तिथि 24.07.2024 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज पानीपत | कार्य का नाम - स्कीम शिवधाम के तहत गांव चुलकाना, ब्लॉक समालखा, जिला पानीपत में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य। | 10.07.2024 16.07.2024 | 105.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव भुआपुर, ब्लॉक तिगांव, जिला फरीदाबाद में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण। | 10.07.2024 16.07.2024 | 9.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव मोहना, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में दानी के निकट जाट चौपाल का निर्माण (डी. प्लान) सामान्य + 1 कार्य। | 10.07.2024 16.07.2024 | 36.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव उदेशीपुर, ब्लॉक गन्नौर में शमशान घाट से बीपीएल प्लॉट बस्ती तक आईपीबी रास्ता का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.07.2024 | 250.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | गांव एसपी माजरा ब्लॉक गोहाना में बीरबादा तालाब से जुगती राम बैरागी के खेत तक बीओईपी रास्ता का निर्माण + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 50.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज सोनीपत | गांव गढवाल में बिरस्थॉ पाना चौपाल का निर्माण (वीएजीवाई) + 25 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 387.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज हिसार | मोहला, हांसी2, फिरनी की पेवमेंट + 17 कार्य। | 10.07.2024 19.07.2024 | 1087.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | गांव डांडमा में लोनिवि रोड के साथ-साथ नाला का निर्माण कार्य। | 09.07.2024 16.07.2024 | 11.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 13 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | निर्माण सदन बिल्डिंग, सेक्टर-33, चण्डीगढ़ में सेंट्रल एयरकंडीशनिंग सिस्टम (2×150 टीआर) के प्रचालन और व्यापक रखरखाव हेतु एएमसी (अवधि 01.01.2024 से 31.12.2025 हेतु) (दो वर्ष)। | 11.07.2024 18.07.2024 | 23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2618279 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि भ व प नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में निजामपुर-नारनौल-महेन्द्रगढ़-दादरी रोड कि.मी. 0 से 13.88 (एच.एस. 17) (रोड आईडी 2620) तक रोड की विशेष मरम्मत। | 10.07.2024 23.07.2024 | 802.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | 26.25 - गांव गोच्छी, ब्लॉक बेरी में गोरक नाथ धाम में हॉल का निर्माण। | 09.07.2024 17.07.2024 | 22.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | गांव बाढड़ा में मेन लोहारु रोड से करीशन सोनी के मकान तक सीसी बेस पर आईपीबी गली का निर्माण कार्य। | 09.07.2024 16.07.2024 | 20.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज बोंद कलां, झज्जर | गांव मिसरी में एससी चौपाल (जैडपी) में हॉल का निर्माण + 1 कार्य। | 09.07.2024 16.07.2024 | 17.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 18 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं हस्पताल, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में किचन और डाइटरी सर्विसेज के प्रावधान हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 15.07.2024 30.07.2024 | 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 19 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं हस्पताल, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में ग्रुप मेडिकल गैसेज की आपूर्ति हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 16.07.2024 01.08.2024 | 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 20 | लोनिवि भ व प हिसार | जीसी हांसी में रीडिंग रूम सहित लाइब्रेरी का विस्तार और टीचिंग ब्लॉक का निर्माण (सीसीटीवी कैमरा सिस्टम, फायर अलार्म सिस्टम, एलएएन और ईपीएबीएक्स सिस्टम, ऑनलाइन यूपीएस और स्मार्ट क्लास रूम का प्रावधान केवल)। | 11.07.2024 18.07.2024 | ईएमडी 70376/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/400/27782/I/88/6 दि. 12.07.24


हरियाणा सरकार
LiFE Lifestyle for Environment
"पूरा विश्व इस बात की प्रशंसा कर रहा है कि हमारा देश किस तरह पर्यावरण को बचाते हुए विकास को गति दे रहा है।"
- नरेन्द्र मोदी
एक पेड़ माँ के नाम
75वें वन महोत्सव
के अवसर पर सभी हरियाणावासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
इस वर्ष 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरुआत की गई, जिसके अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न शहरों के आस-पास हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मियावाकी वन विकसित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, हरियाणा में इस वर्ष 1.60 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।
राज्य स्तरीय समारोह
मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह
मुख्यमंत्री, हरियाणा
अध्यक्षता
श्री संजय सिंह
राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव (स्व.प्र.), हरियाणा
दिनांक - 13 जुलाई, 2024 । समय - प्रातः 11 बजे
स्थान - ऑक्सीवन, ओल्ड बादशाही नहर, सेक्टर-37, करनाल
वन महोत्सव पर संदेश पढ़ने हेतु क्यू आर कोड स्कैन करें
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
आप सभी सादर आमंत्रित हैं
वन एवं वन्य प्राणी विभाग, हरियाणा
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# कार्यकर्ता मजबूत संकल्प लेकर प्रदेश में तीसरी बार बनाएं भाजपा सरकार : कैप्टन अभिमन्यु

## सिसाय मंडल की बैठक लोहारी राघो और नारनौंद मंडल की बैठक नारनौंद के भाजपा कार्यालय में हुई, पूर्व वित्त मंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

पूर्व वित्त मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता पूरी मजबूती से संकल्प लेकर आज से ही बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने में जुट जाएं। प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। कैप्टन अभिमन्यु ने गांव लोहारी राघो व नारनौंद में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सिसाय मंडल की बैठक लोहारी राघो और नारनौंद मंडल की बैठक नारनौंद के भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं में जोश है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पंचकूला में कार्यकर्ताओं की बैठक करके उनमें जोश भरने का काम किया है।

**खास बातें**

- प्रदेश के युवा अब दोबारा पर्ची और खर्ची का माहौल नहीं बनने देंगे
- सरकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी जा रही

**कार्यकर्ताओं से रूबरू होते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु**



नारनौंद। भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

### जनता को अपनी ताकत पहचाननी होगी

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि नारनौंद हलके में भाजपा ने ही विकास करवाने का काम किया है। बाकी पार्टियों ने हलके को पीछे धकेलने का काम किया है। आपको धर्म जाल में फंसाकर आपके वोट लूटना चाहते हैं। लेकिन अबकी बार उनके बहकावे में नहीं आना। हलके के लोगों को अपनी ताकत को पहचानना होगा।

### विपक्षी पार्टी के नेता खुले मंच पर आकर बहस करें

वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि विपक्षी पार्टी के नेता आज किस मुंह से हिसाब मांगने की बात कर रहे हैं। उनके समय में प्रदेश में नौकरियां बेची जाती थी। जो युवा मेरिट लेकर पास होते थे उनके साथ अन्याय होता था। सिर्फ पर्ची और खर्ची के हिसाब से नौकरियां दी जाती थी। लेकिन प्रदेश के युवा अब पर्ची और खर्ची का माहौल दोबारा नहीं बनने देंगे। विपक्षी पार्टी के नेता खुले मंच पर आकर बहस करें हर बात का हिसाब दिया जाएगा। प्रत्येक जिले में भाजपा की बैठक चल रही है और मंडल स्तर पर भी बैठक का आयोजन करके कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी लगाई जा रही है।1

### इनेलो-बसपा गठबंधन पर किया कटाक्ष

कैप्टन अभिमन्यु ने इनेलो और बसपा के गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि शून्य और शून्य का अर्थ जीरो होता है। जनता ने इनको नकार दिया है। हांसी में हुई घटना के बारे में कहा कि अपराधियों पर अंकुश लगना चाहिए और पुलिस को जल्द से जल्द सभी अपराधियों को गिरफ्तार करके कड़ी सजा देनी चाहिए ताकि भविष्य में वह ऐसी घटनाओं को अंजाम देने से उनके मन में डर का माहौल हो। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता अजय सिंधु, जयवीर मजारा, महावीर शर्मा, कुलदीप गौतम आदि विशेष तौर पर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप


### एसपी कार्यालय में तैनात एसपीओ से की अभद्रता

यमुनानगर। एसपी कार्यालय में तैनात एसपीओ ने मोहित नाम के युवक पर अभद्रता व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी एक साल पहले दी शिकायत की कॉपी मांग रहा था और एसपी से मिलने का दबाव डाल रहा था। इसी बात को लेकर आरोपी ने हंगामा किया।

### रेप केस में फंसाने की धमकी देकर 6 लाख ठगे

फतेहाबाद। एलआईसी एजेंट का काम करने वाले युवक को ब्लैकमेल कर एक युवती ने उससे 6 लाख रुपये हड़प लिए। युवती ने पैसे न देने पर एजेंट को रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। अब पीड़ित युवक ने पुलिस को शिकायत दर्ज कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती



स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि ।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सीएम द्वारा मांगों को पूरा करने का आश्वासन पर हुआ अंतिम संस्कार

# जजपा नेता की हत्या के विरोध में हांसी बंद

*सैनी की बुधवार को हिसार रोड स्थित उनके शोरूम में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी*

- मृतक रविंद्र सैनी के बेटे को लगाया जाएगा जेई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हांसी। सर्व व्यापार मंडल के आह्वान पर शहर में बंद पड़ी दुकानें व सुनसान बाजार।

हिसार से 26 किलोमीटर दूर हांसी कस्बे के व्यापारियों ने जननायक जनता पार्टी (जजपा) नेता एवं दोपहिया वाहनों के शोरूम मालिक रवींद्र सैनी (50) की हत्या के विरोध में शुक्रवार को अपनी दुकानें बंद रखीं। सैनी की बुधवार को हिसार रोड स्थित उनके शोरूम में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। हत्या के खिलाफ व्यापारियों और सामाजिक संगठनों द्वारा एक दिन का बंद बुलाया है और सभी दुकानें बंद हैं। व्यापारियों ने हत्यारों की गिरफ्तारी के अलावा पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। इस बीच, मृतक का शव शुक्रवार को तीसरे दिन भी सिविल अस्पताल में है क्योंकि परिवार ने अंतिम संस्कार के लिए शव लेने से इनकार कर दिया है। परिवार का कहना है कि जबतक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती वे शव नहीं लेंगे। मृतक के परिवार के सदस्यों ने अस्पताल परिसर के बाहर धरना भी दिया। हांसी पुलिस ने बृहस्पतिवार को रोहतक जिला निवासी विकास उर्फ विक्की नेहरा को गिरफ्तार किया जो हत्या का कथित 'मास्टरमाइंड' है। वहीं, मृतक रवींद्र सैनी के बेटे को जेई लगाया जाएगा।

### एसटीएफ इंचार्ज ने की साजिशकर्ता से पूछताछ

एसटीएफ इंचार्ज नरेंद्र बिजारणियां ने शुक्रवार को हांसी पहुंच रविन्द्र सैनी की हत्या की साजिश रचने वाले मुख्य आरोपी विक्की से बंद कमरे में करीब 5 घंटे तक पूछताछ की। बंद कमरे में पूछताछ के दौरान हांसी एसपी मकसूद अहमद उनके साथ मौजूद थे। एसटीएफ इंचार्ज आईपीएस नरेंद्र बिजारणियां के समक्ष भी जेल में रविंद्र सैनी की हत्या किए जाने की साजिश को बात कबूल की गई है।

### 15 हजार दुकानदारों और व्यापारियों को बड़ी राहत दी

चंडीगढ़। सरकार ने मार्केटिंग बोर्ड से जुड़े राज्य के करीब 15 हजार दुकानदारों व व्यापारियों को बड़ी राहत दी है। ऐसे सभी व्यापारी और दुकानदार जिनके मार्केटिंग बोर्ड के साथ दुकानों अथवा प्लाटों के विवाद चल रहे हैं, प्रदेश सरकार उनका समाधान करेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने एकमुश्त निपटान योजना लागू की है, जिसका लाभ उठाने की अवधि 30 सितंबर तक निर्धारित की गई है।

**नगर निगम रोहतक**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई.डी. नंबर 1HW3JCU0 पुरानी प्रोपर्टी आईडी नंबर 224C364U514 वार्ड नंबर/पता Janta Colony 15, पुराने एनडीसी रिकार्ड में अनिल कुमार पुत्र गोपी राम के नाम से दर्ज है व सर्वे के अनुसार नए एनडीसी रिकार्ड में अनिल कुमार नाम से दर्ज है। अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई.डी. नंबर में प्रार्थी जिसका नाम पिंकी, अंकित, अंकुश के द्वारा वसीयत/वारसान के आधार पर अपने नाम तब्दील करवाना चाहते हैं, यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तब्दील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अंदर-अंदर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उसके नाम तब्दील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।
क्रमांक: MCR/ZTO/2024/4423
दिनांक : 10/07/24
क्षेत्रीय कराधान अधिकारी,
नगर निगम रोहतक

**K.D. DEGREE COLLEGE**
OPP. CENTRAL UNIVERSITY, DADRI ROAD, PALI, M/GARH (HARYANA)
(Approved by State Govt. & Affiliated to IGU, Meerpur, Rewari)
**APPLICATIONS INVITED**
PRINCIPAL & TEACHING STAFF :- English-2, Chemistry-2, Maths-1, Geography-1, Zoology-1, Economics-1, Sanskrit
Interested candidates may send their CV along with passport size photo and Xeroxed copies of all testimonial to the undersigned within 21 days. Candidates must send one copy of the same to the Dean (college) IGU Meerpur Rewari.
Qualification & pay scale- As Per State Govt/UGC/ IGU Meerpur Rewari. Along with application processing fee of Rs-1000.
E-mail: kddegreepali@gmail.com, chairman.crgroup@gmail.com
Contact: 8222888163,8222888164, 8222888168 Chairman

**निविदाएं**

जिला बाल कल्याण परिषद, फतेहाबाद वर्ष 2024-25 हेतु वाहन व सारथी सेवाओं से संबंधित फाईलें व फार्म इत्यादि छपवाने के लिए निविदाएं आमंत्रित करती है, विवरण निम्नानुसार है:-

| Sr. No | Detail |
|---|---|
| 1. | A4 Paper 75 GSM (Single Side Printing) with Sr. No. |
| 2. | File Cover Size 14X22 Chart Paper 120 GSM with Sr. No. (Both Side Printing) |

इच्छुक व्यक्ति/फर्म छपवाई जाने वाली फाईलों व फार्मो की दर (बन्द लिफाफे में) व फाईल कवर व कागज की गुणवत्ता सहित बाल भवन, फतेहाबाद कार्यालय में दिनांक 23.07.2024 (मंगलवार) तक भिजवाएं।
हस्ता/-जिला बाल कल्याण अधिकारी
जिला बाल कल्याण परिषद,
बाल भवन, फतेहाबाद।
पीआरडीएच-1225/11/83/2025/27777/88/6 दिं. 12.07.2024

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Varsha Sharma**
Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
**RAMRATI DEVI**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRSOA0-000201-2024
CASE NO:- CS/152/2024
Next Date : 14.10.2024
It is prayed that a decree for declaration my kindly be passed in favour of the plaintiff (Ramrati Devi Widow of Randhir Singh, R/o Vill. Agwanpur, Teh. Ganaur) and against the defendants with declars the defendant no.2 and 3 as debareed/disowand persons from the family of the plaintiff as well as from the movable and immovable properties as detailed in para no. 4 of the plaint, properties as detailed in para no. 4 of the plaint, of family of the plaintiff, in the interest of justice.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
**VILL. AGWANPUR, TEH. GANAUR, DISTT. SONEPAT, HARYANA**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **14.10.2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
Dated, this day of 11.07.2024

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82Cr. P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बलकार सिंह पुत्र श्री दिलबाग सिंह, निवासी– गुरुनानकपुरा, सेंट्रल जेल, करनाल, हरियाणा ने मुकदमा संख्या 189/21 धारा 188 IPC अन्तर्गत थाना नार्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलकार सिंह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलकार सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारटं के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्या 189/21 धारा 188 IPC अन्तर्गत थाना नार्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बलकार सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.10.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।
आदेशानुसार
श्री इब्बानी अग्रवाल
महानगर दंडाधिकारी (N-W)
कमरा नं0 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/9035/RD/2024 (Court Matter)

### नाबार्ड के स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल ने की शिरकत



चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के 43वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान राज्यपाल ने एफपीओ की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाई और कार्यालय परिसर में एसएचजी, जेएलजी, एफपीओ और ओएफपीओ के उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने नाबार्ड कार्यालय के परिसर में पौधरोपण भी किया। राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं जैसे ड्रोन दीदी, लखपति दीदी और ग्रामीण भारत के विकास से ही विकसित भारत की संकल्पना पूरी हो सकती है।

### पुरुष कांस्टेबल के पांच हजार पदों के लिए पीएमटी 16 जुलाई से शुरू

- एचएसएससी की ओर से शेड्यूल जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने विज्ञापन संख्या 06/2024, श्रेणी संख्या 01 के तहत पुरुष कांस्टेबल के 5000 पदों के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) (ऊंचाई, छाती और वजन) के आयोजन की संभावित तिथि जारी कर दी है। शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) संभवतः 16 जुलाई, 2024 (मंगलवार) से शुरू हो सकता है। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का विवरण, पीएमटी की तिथि और समय और एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए लिंक जल्द ही आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट देखते रहें।

**Corrigendum Notice For E-Auction ID 2024 HR 803**
Subject : Regarding Extension of the E-Auction due date for submission of the new application for Tender of BARA/PARKING by INDIAN RED CROSS SOCIETY NARNAUL for the mentioned locations in the INSTRUCTIONS. The corrigendum take place under following conditions:-
1 Last date of the submission of tender documents is extended up to 03.00 PM on 15.07.2024 (Monday)
2 The online E-Auction date and time is hereby rescheduled on 17.07.2024 (Wednesday) at 10.00 AM to 03.00 PM.
3 The all other terms and conditions of above said E-Auction notice remain unaltered.
**Secretary, Indian Red Cross Society, Distt. Branch Narnaul**

**ई-नीलामी सूचना**
**अग्नि और जल प्रभावित लगभग 11,000 ली. मिनरल ऑयल / ल्यूब्रिकेशन ऑयल/बेस ऑयल और लगभग 55,000 ली. फ्यूअल ऑयल**
"अग्नि और जल प्रभावित लगभग 11,000 ली. मिनरल ऑयल / ल्यूब्रिकेशन ऑयल/बेस ऑयल और लगभग 55,000 ली. फ्यूअल ऑयल" "प्रति ली." आधार पर निपटान हेतु ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक खरीददारों को आमंत्रित किया जाता है। मै. जीएसवी प्रोडक्ट्स से सम्बन्धित, विषय-वस्तु मलबे को "जैसा है जहां है", "जो भी है वहां है" और "शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा। विषय-वस्तु सामग्री का निरीक्षण 37-38, बालाजी इंडस्ट्रीयल एरिया, जिला झज्जर, बहादुरगढ़, एचआर-124507 में 13.07.2024 से 22.07.2024 के बीच पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच केवल कार्यदिवसों को किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु कृपया श्री सौरभ गर्ग से 9910105072 पर सम्पर्क करें।
**ई-नीलामी 23.07.2024 को आयोजित की जाएगी।**
ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निहित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कृपया श्री बिभु झा से 8369652088 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट से डाउनलोड करें
https://www.sealthedeal.co.in/
नीलामकर्ता : सील दि डील जिसका पंजीकृत कार्यालय 148, पॉकेट सी2, सेक्टर-5, रोहिणी, दिल्ली-110085
**प्रपत्र और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाने की अन्तिम तिथि 22.07.2024 है**

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडी डिवीजन, झज्जर | आउटलेट आरडी 6468-आर झज्जर डिस्टी. पर वाटरकोर्स के विस्तार हेतु डीएनआईटी + 4 कार्य। | 10.07.2024 17.07.2024 | 27.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9306392480 xenjhajarcad1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद -13/2025/40/27753/I/88/6 दि. 12.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | वार्ड नं. 1 में बराही फाटक के निकट स्टॉर्म वाटर के निपटान हेतु सम्प का निर्माण, पम्पिंग मशीनरी का पी एंड एफ और डीआई राइजिंग मेन बिछाना। | बंद होने की तिथि 16.07.2024 | 25.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416188946 eo-bahadurgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद -13/2025/40/27755/I/88/6 दि. 12.07.24

### हेरोइन सहित बाइकर्स काबू

फतेहाबाद। रतिया पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बाईक सवार युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। थाना सदर रतिया पुलिस की टीम पीएसआई सुमित के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव मिराना में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि टिब्बा कालोनी रतिया निवासी राकेश मेहता उर्फ सुंदरी नामक युवक हेरोइन बेचने का काम करता है और वह बाइक पर सवार होकर मिराना गांव में हेरोइन बेचने आने वाला है।

**श्री विश्वकर्मा शिक्षा समिति (रजि0) रोहतक**
रजि0 HR RTK 2014, 00601 Dated-2-10-2014 (New)
21-5 Dated: 07-07-1944 (old) रजि0 कार्यालय : काठमण्डी, रोहतक
**सार्वजनिक सूचना**
Registrar General of Societies, Haryana Office Order Memo No RGSH/Appeal/469/2022/RHK/666 दिनांक 17/05/2024 के निर्देशानुसार सोसायटी की सदस्यता सूची को अन्तिम रूप देने के लिए सदस्यों से निर्धारित फार्म में उनके विवरण के आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते है। सदस्यता सूची, निर्धारित आवेदन पत्र फार्म तथा विस्तृत सूचना सोसायटी की वैबसाइट www.vishwakarmaeducation society.com पर प्रदर्शित है तथा सोसायटी के कार्यालय में भी उपलब्ध हैं। दावें एवं आपत्तियाँ निर्धारित फार्म में सदस्यता विवरण के आवेदन पत्र विस्तृत सूचना के अनुसार दिनांक 15/07/2024 से 30/07/2024 तक समय 09 से 4 बजे तक सोसायटी के कार्यालय मे जमा कराए जा सकते हैं। ताकि सदस्यता सूची का सत्यापन करके संस्था की कार्यकारिणी का चुनाव समय पर सम्पन्न करवाया जा सके।
नोटः कृपया अपने दो पासपोर्ट साईज फोटो तथा आधार कार्ड एवं स्थाई निवास प्रमाण पत्र की कापी साथ लायें।
प्रशासक, श्री विश्वकर्मा शिक्षा समिति
एवं उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, रोहतक

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन की सम्भावना सम्भावना भी बन रही है।

**वृष** — कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धैर्यशीलता में कमी हो सकती है।

**मिथुन** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भौतिक सुखों के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**सिंह** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव बढ़ेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**धनु** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। कारोबारी यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

## शब्द पहेली - 5570




**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली- 5569 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब | ल | शा | ली | | रु | ख | सा | र | |
| अ | न | | ली | | प | त | न | | जा | न |
| न | | ज | मा | दा | र | | न | म | | फा |
| म | ग | रु | र | | | आ | | द | र | स |
| ना | | र | | अ | ज | ग | र | | वा | त |
| | मि | त | वा | | ही | | स | प | ना | |
| म | ल | | दा | वा | न | ल | | रा | | फि |
| त | न | य | | ल | | | ह | ज | र | त |
| ल | | म | त | | का | र्या | ल | य | | र |
| बी | ज | | म | का | न | | च | | सा | त |
| | य | ल | गा | र | | ब | ल | शा | ली | |



## खबर संक्षेप



### हम हर मैच जीतना चाहते हैं : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि भारतीय महिला टीम हर मैच को जीतने के इरादे से मैदान पर उतरती है। इस महीने के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान भी उसका यही लक्ष्य होगा। भारत ने हाल ही में घरेलू सरजमीं पर दक्षिण अफ्रीका को तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में हराने के बाद टी20 श्रृंखला को 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। दक्षिण अफ्रीका पर मिली जीत से भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है।

### हिमंत ने लवलीना को दीं शुभकामनाएं

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली राज्य की इकलौती मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में दी गई। लवलीना ने 2020 टोक्यो खेलों में कांस्य पदक जीता था। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली राज्य की पहली खिलाड़ी बनीं थी।




## टेस्ट सीरीज : वेस्टइंडीज को पारी और 114 रन से हराया

# इंग्लैंड जीता, एंडरसन का संन्यास, 704 विकेट लेने वाले सबसे तेज गेंदबाज, फेंकी रिकॉर्ड 50 हजार गेंदें

**एजेंसी ▶▶| लंदन**

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में 121 रन बनाने वाली वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी मैच के तीसरे दिन शुरुआती घंटे के अंदर 136 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 371 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने पारी और 114 रन से यादगार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड के महानतम तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से यादगार विदाई ली। एंडरसन ने अपने करियर के आखिरी और 188वें टेस्ट मैच में कुल चार विकेट झटके जिससे इस प्रारूप में उनका करियर 704 विकेट के साथ खत्म हुआ।



### गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित

इंग्लैंड के 41 वर्षीय गेंदबाज को दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं, फैंस ने उनका ताली बजाकर स्वागत किया। इसके बाद दिग्गज गेंदबाज ने मैदान पर मौजूद सभी का अभिवादन किया। इंग्लैंड क्रिकेट ने इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा किया है। इसके साथ कैप्शन में बोर्ड ने लिखा, /"एक महान व्यक्ति के लिए सम्मान। अलविदा जेम्स एंडरसन और धन्यवाद।/"

### एंडरसन का टेस्ट करियर

| | |
|---|---|
| 188 | मैच |
| 704 | विकेट |
| 26.45 | औसत |
| 11/71 | मैच में बेस्ट |
| स्ट्राइक रेट | 56.8 |
| इकोनॉमी रेट | 2.79 |
| पारी में बेस्ट | 7/42 |
| पारी में 5 विकेट | 32 |
| मैच में 10 विकेट | 3 |

### 50 हजार प्लस गेंदें तीनों प्रारूपों में फेंके

जेम्स एंडरसन ने अपने आखिरी टेस्ट मुकाबले में उम्दा गेंदबाजी करते हुए एक खास उपलब्धि प्राप्त कर ली है। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 50,000 से अधिक गेंदे फेंकने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक गेंदे डालने का रिकॉर्ड श्रीलंकाई पूर्व दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम दर्ज है। उन्होंने श्रीलंका के लिए 495 मैचों में शिरकत की। इस बीच वह 583 ओवरों में 63132 गेंदे फेंकने में कामयाब रहे। पूर्व भारतीय दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले कुल 55346 गेंदे फेंकर दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वॉर्न (51347 गेंदे) हैं। इन तीनों गेंदबाजों के बाद जेम्स एंडरसन का नाम आता है। एंडरसन ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए अबतक कुल 401 मैच की 560 पारियों में शिरकत की है। इस बीच वह 50000 से अधिक गेंदें डाल चुके हैं।

### एटकिंसन ने डेब्यू मैच में झटके 12 विकेट

गट एटकिंसन ने पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए।

**तीसरे सबसे सफल गेंदबाज**

एंडरसन ने कॅरियर का आगाज 21 साल पहले 2003 में लॉड्र्स के मैदान पर ही किया था। टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इसी मैदान पर आया है। उन्होंने 2017 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 42 रन पर सात विकेट झटके थे। एंडरसन टेस्ट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज है। वह मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद इस प्रारूप के तीसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं।

### सबसे ज्यादा विकेट

| विकेट | खिलाड़ी | देश |
|---|---|---|
| 800 | मुथैया मुरलीधरन | श्रीलंका |
| 708 | शेन वॉर्न | ऑस्ट्रेलिया |
| 704 | जेम्स एंडरसन | इंग्लैंड |
| 619 | अनिल कुंबले | भारत |
| 604 | स्टुअर्ट ब्रॉड | इंग्लैंड |
| 563 | ग्लेन मैकग्रा | ऑस्ट्रेलिया |
| 530 | नाथन लियोन | ऑस्ट्रेलिया |
| 519 | कर्टनी वॉल्श | वेस्टइंडीज |
| 516 | आर अश्विन | भारत |
| 439 | डेल स्टेन | द.अफ्रीका |

# भारतीय युवा ब्रिगेड की नजरें श्रृंखला जीतने पर

**एजेंसी ▶▶| हरारे**

भारतीय क्रिकेट की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार को चौथे टी20 मैच के जरिए श्रृंखला अपने नाम करके एक नए दौर का आगाज करने के इरादे से उतरेगी। पहले मैच में अप्रत्याशित हार के बाद शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा मैच भरी अंतर से जीतकर 2-1 से बढ़त बना ली है।

**चौथा टी20 आज**

मौजूदा क्रिकेट परिदृश्य में जिम्बाब्वे पर जीत बहुत बड़ी नहीं कही जाएगी लेकिन इससे उन युवाओं में उम्मीद जरूर पैदा होगी जो आधुनिक क्रिकेट के कुछ दिग्गजों के संन्यास के बाद भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में हैं। इनमें वॉशिंगटन सुंदर और अभिषेक शर्मा शामिल हैं। टी20 क्रिकेट से रविंद्र जडेजा के संन्यास के बाद वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर लगी है। संजू सैमसन और शिवम दुबे के लिए भी इस श्रृंखला में बहुत कुछ दांव पर है। भारतीय टीम प्रबंधन अपने गेंदबाजों खासकर लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के प्रदर्शन से खुश होगा जिसकी गुगली मेजबान बल्लेबाज खेल ही नहीं पा रहे हैं। बिश्नोई, आवेश खान और वॉशिंगटन छह-छह विकेट ले चुके हैं। मुकेश कुमार को पिछले मैच में आराम दिया गया था जो आवेश की जगह खेल सकते हैं।



## मेदवेदेव को हराकर गत चैम्पियन अल्काराज विम्बलडन फाइनल में

**लंदन।** चैम्पियन कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को यहां सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के अल्काराज ने दो महीने पहले ही अपना 21वां जन्मदिन मनाया था और वह अपने लगातार दूसरे विम्बलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से महज एक कदम दूर हैं। सेंटर कोर्ट पर शुरुआती सेट में औसत प्रदर्शन के बाद उन्होंने स्फूर्ति से वापसी करते हुए आक्रामक खेल दिखाया और मुकाबला जीत लिया। अल्काराज ने कहा, ''मुझे ऐसा लग रहा है कि अब मैं नया खिलाड़ी नहीं हूं। मुझे ऐसा लगता है कि मैं अब जान गया हूं कि फाइनल से पहले मैं कैसा महसूस करूंगा। उन्होंने कहा, ''मैं वही चीजें करने की कोशिश करूंगा जो मैंने पिछले साल की थी और बेहतर करने का प्रयास करूंगा। एटीपी रैंकिंग में नंबर एक खिलाड़ी बनने वाले पहले किशोर अल्काराज तीनों तरह के कोर्ट घास, क्ले और हार्ड कोर्ट पर ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। अब स्पेन का यह धुरंधर ओपन युग (1968 से शुरू) में 22 साल की उम्र से पहले आल इंग्लैंड क्लब में कई चैम्पियनशिप जीतने वाले बोरिस बेकर और ब्योर्न बोर्ग के साथ जुड़ने से केवल एक जीत दूर है।

## निशानेबाज सबीरा ने शॉटगन जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली।** सबीरा हारिस ने शुक्रवार को इटली के पोरपेटो में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला। सबीरा ने फाइनल में 40 में से 29 निशाने लगाये और इटली की सोफिया गोरी से पीछे रहीं, जिन्होंने 39 हिट से रजत पदक जीता। अमेरिका की कैरी गैरिसन ने 40 निशाने साधकर स्वर्ण पदक जीता। सबीरा ने इससे पहले 113 के स्कोर के साथ छह निशानेबाजों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। जूनियर महिला ट्रैप में भव्या त्रिपाठी ने 102 अंक के साथ 26वां स्थान हासिल किया जबकि राजकुमार इंगले 100 के स्कोर के साथ 33वें स्थान पर रहे। जूनियर पुरुष ट्रैप में आर्य वंश त्यागी छठे और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान के लिए शूट-ऑफ में पिछड़ने के बाद खिताबी मुकाबले से चूक गए।

# विंबलडन को मिलेगी नई मल्लिका क्रेजिकोवा-पाओलिनी में होगी भिड़ंत

**एजेंसी ▶▶| लंदन**

बारबोरा क्रेजिकोवा और जैस्मिन पाओलिनी के बीच शनिवार को यहां होने वाले फाइनल में कोई भी जीते, यह सुनिश्चित है कि विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट को इस बार नई मल्लिका मिलेगी। क्रेजिकोवा ने पीठ में दर्द के बावजूद इस बार विंबलडन में हिस्सा लिया। यही नहीं इस टूर्नामेंट से पहले वह इस सत्र में कुछ मैच में ही जीत दर्ज कर पाई थी। इसलिए वह महिला एकल के फाइनल में पहुंचकर हैरान थी। यही हाल उनकी प्रतिद्वंदी और सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी का है।

इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी इससे पहले विंबलडन एकल के फाइनल में नहीं पहुंची थी। पाओलिनी ने वर्तमान टूर्नामेंट से पहले ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में जो तीन मैच खेले थे उन सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। विंबलडन में पिछले सात वर्ष में महिला एकल में सात खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। इनमें सेरेना विलियम्स भी शामिल है जिन्होंने 2016 में यहां सातवीं बार खिताब जीता था। क्रेजिकोवा ने में 2021 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था, लेकिन उन्होंने यह सोचा भी नहीं था कि वह विंबलडन के फाइनल में पहुंचेंगी।





## एशिया कप : भारत और पाक की महिला टीमों में 19 को होगी जंग

**कोलंबो।** भारत दांबुला में होने वाले महिला टी20 एशिया कप में अपना पहला मैच शुरुआती दिन चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा जबकि मेजबान श्रीलंका इसी दिन बांग्लादेश का सामना करेगा। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को यह घोषणा की। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और मलेशिया की टीम भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल को ग्रुप ए में जबकि बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है। टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिनमें दोनों सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने विज्ञप्ति में कहा, 'सभी मैच का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा तथा दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा।'

## द्रविड़ ने कोच के रूप में टी-20 विश्व कप का खिताब जिताया

# भारतीय क्रिकेट : 24 कोच में राहुल द्रविड़ का कार्यकाल सबसे बढ़िया

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

टी-20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 साल बाद टी-20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की। इस दौरान राहुल द्रविड़ कोच थे। उनके कार्यकाल का यह आखिरी टूर्नामेंट था। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में अब तक 24 कोच रहे हैं। इनमें से 4 (जॉन राइट, ग्रैग चैपल, डंकन फ्लेचर और गैरी कर्स्टन) विदेशी और अन्य सभी भारतीय मूल के हैं। आइए जानते हैं किन कोचों ने भारतीय टीम को आईसीसी ट्रॉफी दिलाई है।

द्रविड़ का सफल कार्यकाल




द्रविड़ ने भारतीय टीम के लिए 56 वनडे, 77 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में कोचिंग की, इस दौरान 41 वनडे और 55 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में टीम को जीत मिली। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 24 मुकाबलों में कोचिंग की थी। इस दौरान भारतीय टीम को 14 मुकाबलों में जीत मिली थी और सिर्फ 7 मैच में टीम को हार का सामना करना पड़ा। टी-20 विश्व कप के अलावा द्रविड़ की कोचिंग में टीम ने एशिया कप भी अपने नाम किया था।

### 1983 विश्व कप : नहीं था कोई कोच

भारतीय क्रिकेट टीम ने पहली बार साल 1983 में वनडे विश्व कप अपने नाम किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि उस समय टीम के पास कोई कोच नहीं था। टीम के प्रबंधक पीआर मान सिंह थे। वह 1983 से 1987 तक इस पद पर रहे। टीम के सदस्य रहे कृष्णम्माचारी श्रीकांत ने एक इंटरव्यू में कहा था, हम चैंपियन इसी वजह से बने थे, क्योंकि हमारे पास कोच नहीं था।

### 2007 : जीते विश्व कप

भारतीय टीम 1983 के बाद साल 2007 में टी-20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में कामयाब रही थी। टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को हराया था। उस दौरान भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में कॉमनवेल्थ वनडे सीरीज भी जीती थी। उस टूर्नामेंट में भी भारतीय टीम का कोई स्थाई कोच नहीं था।



## चिंतन

# बिम्सटेक के विकास में भारत के लिए अवसर

भारत को बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) को मजबूत करने पर खास ध्यान देना चाहिए। बिम्सटेक के सभी सदस्य देश भारत के मित्र पड़ोसी देश हैं। सात सदस्यीय बिम्सटेक में पांच दक्षिण एशियाई देश भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल व भूटान और दो दक्षिण पूर्व एशियाई देश म्यांमा व थाईलैंड शामिल हैं। इसमें सबसे अधिक ताकतवर भारत ही है, आर्थिक रूप से भी और सामरिक रूप से भी। सभी के साथ भारत के मधुर संबंध हैं, हालांकि ये देश चीन के प्रभाव में भी हैं। भारत बिम्सटेक का न केवल विकास इंजन बन सकता है, बल्कि वह सदस्य देशों को सामरिक सुरक्षा भी दे सकता है। जब भारत की ग्लोबल भूमिका बढ़ने की बात आती है, ऐसे ही छोटे-छोटे कदमों से वह भूमिका का विस्तार कर सकता है। वर्ष 1997 में बिम्सटेक की स्थापना हुई है, भारत इसका संस्थापक सदस्य है, इसके बावजूद भारत ने इस बहुपक्षीय संगठन के मंच से अपने पड़ोसी देशों के विकास में बड़ा योगदान नहीं दिया है। मोदी सरकार के आने के बाद से बिम्सटेक को प्राथमिकता दी जा रही है, जो चीन से मुकाबला की दृष्टि से जरूरी कदम है। बिम्सटेक क्षेत्र न केवल संसाधन के लिहाज से बल्कि सामरिक सुरक्षा के लिहाज से भी भारत के लिए अहम है। एशिया की तेजी से बदलती भू-रणनीतिक स्थिति में भारत के पास बंगाल की खाड़ी का लाभ उठाकर अधिक मुखर और सक्षम चीन को नियंत्रित करनक का अवसर है। भारत का दायित्व है कि सभी की संप्रभुता का सम्मान करते हुए बिम्सटेक देशों के विकास में अपना योगदान दे और सुरक्षा भी प्रदान करे। चूंकि भारत के पड़ोसी देशों पर चीन का भी आर्थिक वर्चस्व है, इसलिए भारत को चाहिए कि वह चीनी पैठ अपने पड़ोस तक न होने दे। बिम्सटेक के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक नई दिल्ली में हुई, इसके अंतिम दिन विदेश मंत्रियों ने पीएम नरेन्द्र मोदी से संयुक्त रूप से मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने आर्थिक एवं सामाजिक विकास के इंजन के रूप में बिम्सटेक की भूमिका पर जोर दिया। बिम्सटेक ने कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर बल दिया है। इस वर्ष सितम्बर में बिम्सटेक का शिखर सम्मेलन थाईलैंड में होना है, जिसमें सहयोग बढ़ाने के अनेक मुद्दों पर चर्चा होगी। ब्रिक्स की तर्ज पर भारत को बिम्सटेक बैंक के गठन को लेकर पहल करनी चाहिए, इसमें भारत को एक बड़ा कोष बनाना चाहिए। यह बैंक बिम्सटेक देशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने, कनेक्टिविटी बढ़ाने, डिजिटल इन्फ्रा को बढ़ावा देने, गरीबी उन्मूलन करने आदि में अहम योगदान कर सकता है। यह बैंक भारत को पड़ोसी फर्स्ट व एक्ट ईस्ट की नीति के संवर्धन में सहयोग करेगा। इन देशों को विश्वास में लेकर सैन्य सुरक्षा का मार्ग भी भारत प्रशस्त कर सकता है। बिम्स्टेक छोटा पर व्यापक भारतीय प्रभाव वाला मंच बन सकता है। बिम्स्टेक आसियान के सदस्यों के बीच अंतर-क्षेत्रीय सहयोग हेतु भी मंच प्रदान करता है। भारत व म्यांमा को जोड़ने वाली कलादान मल्टीमॉडल परियोजना, म्यांमा होकर भारत को थाईलेंड से जोड़ने वाली एशियाई त्रिपक्षीय राजमार्ग, यात्री और माल परिवहन के निर्बाध प्रवाह के लिए बांग्लादेश-भूटान-भारत-नेपाल (बीबीआईएन) मोटर वाहन समझौता आदि अहम विकास प्रोजेक्ट हैं, जो बिम्सटेक की कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी। बिम्सटेक देशों के बीच वीजा मुक्त आवाजाही होनी चाहिए।



दरकार

आर.के. सिन्हा

# ब्रिटेन में कसे जाएं खालिस्तानी

भारत को ब्रिटेन की नई सरकार से यह भी उम्मीद रहेगी कि पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर अब कठोर एक्शन लिया जाए। ऋषि सुनक सरकार ने भी खालिस्तान समर्थक संगठनों पर चाबुक चलानी शुरू कर दी थी। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। इन संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन वगैरह शामिल हैं। खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई गई एसटीएफ ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सील किए हैं। भारत-ब्रिटेन संबंधों में बेहतरी तभी आएगी, जब वहां खालिस्तानी समर्थक कसे जाएंगे।

ब्रिटेन के हालिया चुनावों में लेबर पार्टी की महत्वपूर्ण जीत से साबित हो गया कि ब्रिटेन की राजनीति में भारतीय प्रवासी समाज की भूमिका बेहद खास है। ब्रिटेन के चुनाव परिणाम यह बताते हैं कि वहां की राजनीति में भारतीय प्रवासियों की ताकत बढ़ती ही जा रही है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित 26 भारतीय मूल के नेता नई संसद के लिए चुने गए हैं। सुनक ने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल की। सुनक की पार्टी की शिवानी राजा ने लीजेस्टर ईस्ट की सीट जीत ली है। लीजेस्टर ईस्ट की लड़ाई में कई दिग्गज शामिल थे, जिनमें पूर्व सांसद क्लाउड वेबे और कीथ वाज शामिल थे, जिन्होंने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। कीथ वाज भी भारतीय मूल के ही हैं। वे पहले भी संसद के सदस्य रहे हैं। शिवानी राजा शिक्षा की दुनिया से जुड़ी हुई हैं। वो लंबे समय से कंजरवेटिव पार्टी की एक्टिविस्ट हैं। भारत में जन्मे कनिष्क नारायण पूर्व वेल्स की सीट से जीत गए हैं। वे भी कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार थे। बिहार के मुजफ्फरपुर के मूल निवासी कनिष्क नारायण 12 साल की उम्र में ब्रिटेन आ गए थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड और फिर स्टैनफोर्ड में पढ़ाई की। भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने फेयरहैम और वाटरलूविल सीट जीती है। उनके पिता गोवा के और मां तमिल मूल की हैं। पंजाबी हिन्दू परिवार से संबंध रखने वाले गगन मोहिन्दर फिर से साउथ-वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट से चुनाव जीत गए हैं। निवर्तमान संसद के सदस्य नवेंदु मिश्र लेबर पार्टी की टिकट पर स्टॉकपोर्ट सीट से कामयाब रहे हैं। वो मूलतः कानपुर से हैं। ब्रिटेन की निवर्तमान संसद में भी 15 भारतीय मूल के सांसद थे। ब्रिटेन के आम चुनाव 2024 में, कुल 107 ब्रिटिश-भारतीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे।

भारत-ब्रिटेन संबंधों को देखा जाए तो इसके प्रमुख रूप से पांच आयाम हैं। ब्रिटेन भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है, जबकि भारत भी ब्रिटेन में नई परियोजनाएं शुरू करने के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश है। भारत के लिए ब्रिटेन एक महत्वपूर्ण आयातक देश है। हालांकि यह भारत को बहुत बड़ी मात्रा में निर्यात भी करता रहा है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारत की कंपनियों की भी बड़ी अहम भूमिका है। भारतीयों की स्वामित्व वाली 700 से ज़्यादा कंपनियों ने ब्रिटेन में 1 लाख से ज़्यादा लोगों को रोज़गार भी दिया हुआ है। टाटा ग्रुप की ही कंपनियों ने ब्रिटेन में हज़ारों लोगों को रोज़गार दिया हुआ है। वहां हिन्दुजा, लक्ष्मी मित्तल, स्वराज पॉल जैसे बहुत सारे बड़े उद्योगपति रहते स्थायी रूप से रहकर ही देश-विदेश में अपना काम कर रहे हैं। इसके अलावा भारत के हज़ारों छात्र ब्रिटेन में पढ़ाई करने भी हर साल जाते हैं। हां, भारत के युवाओं में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में पढ़ाई, नौकरी या निवेश करने का चलन भी बढ़ रहा है। भारत और ब्रिटेन के बीच 200 साल से भी अधिक का पुराना संबंध है। दोनों ही देश सांस्कृतिक संस्थानों और अंग्रेज़ी से माध्यम से जुड़े हैं। दोनों देशों के आपसी संबंधों को मज़बूत रखने में ब्रिटेन में रहने वाले करीब 15



लाख प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। ये प्रवासी भारतीय न केवल ब्रिटेन और भारत के बीच एक मजबूत पुल का काम कर रहे हैं, बल्कि इन्होंने भारत की संस्कृति से ब्रिटेन को संपन्न भी किया है। प्रवासी भारतीय ब्रिटेन में हर क्षेत्र में प्रभावशाली रूप से मौजूद हैं। अब चाहे वो व्यापार, राजनीति, खेल का क्षेत्र हो या कोई और इन्होंने सभी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण मुक़ाम हासिल किया है।


भारत को ब्रिटेन की नई सरकार से यह भी उम्मीद रहेगी कि पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर अब कठोर एक्शन लिया जाए। ऋषि सुनक सरकार ने भी खालिस्तान समर्थक संगठनों पर चाबुक चलानी शुरू कर दी थी। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। इन संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन, खालसा टेलीविजन लिमिटेड, खालिस्तानी टेलीविजन चैनल वगैरह शामिल हैं। ब्रिटेन में खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सील करके 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जब्त की है। भारत-ब्रिटेन संबंधों में बेहतरी तभी आएगी, जब वहां खालिस्तानी समर्थक कसे जाएंगे। अब भारत-ब्रिटेन का यह लक्ष्य रहेगा कि दोनों देश व्यापार, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा में सहयोग बढ़ाएं। पिछली 4 जुलाई को ब्रिटेन में हुए संसदीय चुनावों के परिणाम व्यापक रूप से अपेक्षित थे। कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 34 फीसदी वोटों के साथ हाउस ऑफ कॉमन्स में 650 सीटों में से 410 सीटों पर जीत मिली। वे अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनकी भी भारतीय सनातनी परम्पराओं में गहरी आस्था है और वे नियमित रूप से हिन्दू मंदिरों में जाते रहे हैं। हालिया चुनाव परिणाम भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों ही प्रस्तुत करते हैं, जो पिछले दो दशकों में लगातार मजबूत होते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से बात की और उन्हें पीएम चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने विगत शनिवार को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से बात करते हुए उन्हें लेबर पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी। बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री को मोदी ने भारत आने का निमंत्रण भी दिया। दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए को जल्द फाइनल करने की दिशा में काम करने पर भी सहमति जताई। भारत और ब्रिटेन के बीच आपसी संबंध मजबूत करने के लिहाज से एफटीए का काफी महत्व है। इस मुद्दे पर आगे बढ़ने के लिए दोनों ही देश कोशिशें कर रहे हैं। इस बाबत वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल गंभीरता से प्रयास करते रहे हैं। प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते में कुल 26 अध्याय हैं, जिनमें से अधिकतर पर आपसी सहमति बन गई है। अगर एफटीए हो जाता है तो इससे दोनों देशों में आर्थिक विकास और रोजगार के मौके को बढ़ावा मिलेगा। अभी ब्रिटेन के साथ भारत का जो द्विपक्षीय व्यापार है, वो भारत के पक्ष में ही थोड़ा झुका है। यानी भारत आयात के मुकाबले ब्रिटेन को निर्यात ज्यादा करता है। हालांकि आयात-निर्यात के बीच का यह अंतर बहुत ज्यादा नहीं है।

भविष्य में भारत-ब्रिटेन के साथ संबंधों में लगातार बेहतरी की उम्मीद की जा सकती है। भारत चाहेगा कि नई सरकार ब्रिटेन में भारत विरोधी तत्वों की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाए और पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद का मुकाबला करने में सहयोग करे। वैसे ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री का कश्मीर पर रुख जग-जाहिर है। वे कश्मीर विवाद को पूर्णतः भारत का अंदरूनी मामला मानते हैं और कश्मीर में किसी भी तरह के पाकिस्तानी हस्तक्षेप के सख्त खिलाफ हैं।

(लेखक पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



*मध्य प्रदेश राज्य में सतना जिले के मैहर शहर में त्रिकुटी की सबसे ऊंची पहाड़ी पर स्थित मैहर माता मंदिर भारत के सबसे दिव्य मंदिरों में से एक है। मैहर माता का यह प्राचीन मंदिर माँ शारदा देवी की पूजा अर्चना और उनके चमत्कारों के लिए जाना जाता है।*

## सत्य के प्रति जागने में है 'जीवन की महत्ता'



संकलित

दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं, इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।

## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित

प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे, परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरुजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महीनों से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूं, पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया-राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है। गुरुजी ने कहा-राजन बात बहुत छोटी है, परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं, परंतु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है। गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परंतु आप स्वंय ऊंचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## सजगता

डॉ. मोनिका शर्मा




# सैर सपाटे में अनुशासन जरूरी

बीते दिनों महाराष्ट्र के लोनावला में भुशी बांध पर सैर-सपाटा करने पहुंचा एक पूरा परिवार झरने के पानी में बह गया। इस अनहोनी के वायरल वीडियो में तेज बहाव के बीच समूह बनाकर खड़े बच्चे-बड़े भय से चीखते देख रहे हैं। पानी की गति इतनी तेज थी कि हादसे में एक ही परिवार के नौ में से पांच सदस्य डूब गए। बरसात ने अभी दस्तक दी ही है, पर देशभर के पर्यटन स्थलों पर ऐसे कई हादसे हो चुके हैं। हाल ही में बोकारो में ग्रामीणों ने दामोदर नदी में डूबते चार युवकों की जान बचाई, जो दामोदर नदी में स्नान करते हुए तेज़ बहाव में डूब गए थे। हर वर्ष ही बरसात के मौसम में सैर सपाटे के निकले लोगों के साथ ऐसी दुर्घटनाएं होतीं हैं। इन हादसों का सबसे दुखद पक्ष यह है कि कभी सुरक्षा नियमों की अनदेखी तो कभी अति-आत्मविश्वास के चलते लोगों का जीवन छिन जाता है। तकलीफदेह है कि बरसात के सुहावने मौसम में सैर-सपाटा करते लोग अपनी जान को जोखिम में डालने की गलती करते हैं। इस मौसम में बांध, नदी, झरने वाली जगहों पर ही पर्यटक जाना पसंद करते हैं। ऐसे अधिकतर स्थल आबादी वाली जगहों से दूर होते हैं, जिसके चलते समय पर बचाव दल का पहुंचना भी कठिन होता है। इतना ही नहीं बारिश में ऐसी जगहों पर अचानक पानी का बहाव तेज़ होने की भी संभावना रहती है। कहां और किस तरह दुर्घटना हो जाए यह समझना कठिन होता है। कहीं चट्टान वाली जगह पर फिसलन की आशंका रहती है तो कहीं पानी की गहराई की जानकारी नहीं होती। अचानक तेज वर्षा होने पर कई स्थलों का पानी का बहाव रौद्र रूप ले लेता है। लोनावला में भुशी बांध पर हुए हादसे में पूरा परिवार यूं झरने के पानी की तेज गति की ही अपने चपेट में आ गया। ध्यातव्य है कि अधिकतर मामलों में लोग भारी बरसात के अलर्ट, दुर्घटना स्थल से जुड़ी चेतावनियों और पर्यटन स्थल पर सुरक्षा को लेकर जारी नियमावली को भी नहीं मानते। पहाड़ी क्षेत्र हो या नदी-समुद्र जोखिमपूर्ण हिस्सों में भी पहुंच जाते हैं, जबकि प्रशासनिक अमले द्वारा समय-समय पर मानसून के मौसम में सैर सपाटे के दौरान ऐहतियात बरतने की सलाह दी जाती है। सैलानियों की सुरक्षा के लिए ऐसे स्थलों पर सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देशों वाले बोर्ड लगाए जाते हैं। कई स्थलों को प्रतिबंधित घोषित किया जाता है। बावजूद इसके पर्यटक स्थलों पर न केवल सतर्कता की कमी ही देखने को मिलती है, बल्कि नियमों की अनदेखी की जाती है। हालिया बरसों में वर्चुअल दुनिया का दिखावा भी पर्यटन स्थलों पर होने वाले हादसे का कारण बना है। रील-वीडियो बनाने, विशेष तरह की तस्वीरें खींचने और अजब-गजब करतब करने के इरादे से की गई गतिविधियां दुर्घटनाओं को न्योता देने वाली साबित होती हैं। बीते दिनों गुजरात के कच्छ में मुंद्रा समुद्र तट पर इंस्टाग्राम रील्स के लिए स्टंट के करने के लिए समुद्र में उतारी दो गाड़ियों को पानी के तेज़ बहाव ने डुबो ही दिया था कि लोगों की मदद से उनकी जिंदगी बच सकी। इन्हीं दिनों बिहार के समस्तीपुर में रील बनाने के जुनून में बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से तीन किशोरों की जान चली गई है। यह वाकई पीड़ादायी है कि आभासी दुनिया में विशेष उपस्थिति दर्ज करवाने के फेर में भी ऐसे हादसे हो रहे हैं, जबकि इन्हीं तकनीकी सुविधाओं का इस्तेमाल मौसम की सही जानकारी लेने के लिए भी किया जा सकता है। इस तरह की दुर्घटनाओं पर सजगता से ही लगाम लग सकती है। नियमों का पालन और सैर-सपाटे के समय भी अनुशासन का भाव ही जीवन सहेज सकता है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बेरोजगारों को मिले मौका**

हमारे देश में बढ़ती जनसंख्या और आधुनिक तकनीक ने बेरोजगारी की समस्या के जख्मों पर नमक लगाने का काम किया है। इसलिए अब सरकारों को ऐसी नीतियों को अपने वोट बैंक के लिए लगाम कसने की जरूरत है जो बेरोजगारी को बढ़ाती हों। हर कदम सोच समझकर उठाने की जरूरत है, ताकि हर बेरोजगार को रोजगार मिल सके। सरकारी नौकरी में रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार नहीं देना चाहिए, ताकि बेरोजगार युवाओं को नौकरी का मौका मिल सके। अगर कोई सरकारी कर्मचारी एसोसिएशन या एक कर्मचारी भी रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार की मांग करता है तो उन्हें इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि क्या इससे उनके बच्चों को सरकारी नौकरी मिल पाएगी? शायद नहीं। - **संजय पटेल**, भाटापारा

## करंट अफेयर

# यूएई में एक सड़क भारतीय मूल के डॉक्टर के नाम पर

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में एक सड़क का नाम भारतीय मूल के 84 वर्षीय डॉक्टर के नाम पर रखा गया है। यह देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति श्रद्धांजलि है। नगर पालिका और परिवहन विभाग (डीएमटी) ने डॉ. जॉर्ज मैथ्यू के योगदान को मान्यता देने के लिए अबू धाबी में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा है। यह नाम, "यूएई के दूरदर्शी लोगों का सम्मान : स्मृति मार्ग" परियोजना के तहत दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अल मफराक में शेख शाकबूथ मेडिकल सिटी के पास की सड़क अब 'जॉर्ज मैथ्यू स्ट्रीट' के नाम से जानी जाएगी। अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए डॉ. मैथ्यू ने कहा, "जब मैं पहली बार यूएई पहुंचा था, तब बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा था। राष्ट्रपिता दिवंगत शेख जायद बिन सुल्तान अल नाहयान से प्रेरित होकर मैंने लोगों की मदद करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। मैं बहुत आभारी हूं कि मेरे प्रयासों को मान्यता मिली है।" डॉ. मैथ्यू 1967 में 26 वर्ष की आयु में संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे।



## ऑफ बीट

# चार दिन का सप्ताह हो सकता है कारगर

सप्ताह में पांच दिन काम करने वाले कई लोगों को यह एक सपने जैसा लग सकता है कि केवल चार दिन काम और एक लंबा सप्ताहांत। जब सप्ताहांत बहुत छोटा लगता है और पूर्णकालिक नौकरी को बचाने का दबाव श्रमिकों को सिरे तक धकेल देता है, तो चार-दिवसीय कार्य सप्ताह बहुत आकर्षक लग सकता है। हालाँकि व्यवहार में ऐसा कैसे होता है, और क्या यह आम बात बन सकती है? खैर, चार-दिवसीय कार्य सप्ताह परीक्षणों के बारे में हालिया खबरें अलग-अलग परिणाम दिखाती हैं। यूके में सबसे बड़े परीक्षण (जिसमें 60 से अधिक कंपनियां और लगभग 3,000 कर्मचारी शामिल थे) के नतीजों से पता चला कि 89% भाग लेने वाली कंपनियां अभी भी चार-दिवसीय सप्ताह लागू कर रही हैं, और 51% ने इसे स्थायी बनाने का फैसला किया है। अध्ययन से पता चलता है कि इस नयी व्यवस्था से कर्मचारियों की थकान में कमी आई और कम लोग नौकरी छोड़ रहे हैं, जो अन्य अध्ययनों के अनुरूप है। कुछ दिन पहले, सुपरमार्केट श्रृंखला एस्डा ने इसे जारी न रखने का निर्णय लेते हुए, चार-दिवसीय कार्य सप्ताह के साथ अपना स्वयं का प्रयोग समाप्त किया। लेकिन साथ ही, साउथ कैंब्रिजशायर काउंसिल ने अपने परीक्षण को सफल घोषित किया है, जिसमें 450 डेस्क कर्मचारी और कचरा संग्रहकर्ता शामिल थे।




## X ट्रेंड f

**नीतियों को समावेशी बना रहे**



वर्ष 2016 में हमने परिवार विकास मिशन आरंभ किया था। हमें अत्यंत प्रसन्नता है कि आज हमारी इस शुरुआत के सकारात्मक परिणाम आए हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के लिए हम अपनी नीतियों को लगातार अधिक समावेशी और प्रभावी बना रहे हैं।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री

**मानवाधिकारों के लिए अहम**



लैंगिक समानता हासिल करना लोगों के मानवाधिकारों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। वे तेजी से विकास या गिरावट जैसे सबसे चरम जनसांख्यिकीय परिणामों का मुकाबला करने में मदद कर सकते हैं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

**सत्य की जीत**



झूठे केस लगाकर सच को कब तक क़ैद में रखोगे। पूरा देश आपकी तानाशाही को देख रहा है। सुप्रीम कोर्ट मानते हैं कि केजरीवाल को ईडी ने झूठा फंसाया है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला सत्य की जीत है।

-संजय सिंह, आप नेता

**जैव विविधता पार्क बनाया**



हमने पुणे में संरक्षण के लिए एक बंजर भूमि से उड़ान जैव विविधता पार्क बनाया है! दुर्लभ शिव सुमन पौधा, जो एक समय गंभीर रूप से लुप्तप्राय था, वापस लौट रहा है। ब्लू मॉर्मन (तितली) भी यहां पनपती है!

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारत के मुख्य जलाशयों में जलस्तर बढ़कर कुल क्षमता के 26 फीसदी पर पहुंचा

## केंद्रीय जल आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट में दावा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

देश के विभिन्न हिस्सों में भारी वर्षा के कारण 150 मुख्य जलाशयों में जलस्तर बढ़कर इनकी कुल क्षमता का 26 फीसदी हो गया है, लेकिन यह पिछले साल की समान अवधि के जलस्तर के मुकाबले कम है। आधिकारिक आंकड़े से यह जानकारी मिली।

■ उत्तरी क्षेत्र में जल स्तर में उल्लेखनीय कमी का सामना कर रहा

पिछले हफ्ते इन जलाशयों में जलस्तर कुल क्षमता के मुकाबले 22 फीसदी था। इनकी वर्तमान जल संचय क्षमता 46.311 अरब घन मीटर (बिलियन क्यूबिक मीटर) है, जो इन जलाशयों की कुल संचय क्षमता का 26 प्रतिशत है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ओर से शुक्रवार को जारी बुलेटिन के अनुसार, पिछले साल की समान अवधि की तुलना में जलस्तर में गिरावट आई है, क्योंकि तब जलस्तर 58.864 अरब घन मीटर (बीसीएम) था। जिन जलाशयों की निगरानी की जा रही है, उनकी संयुक्त संचय क्षमता कुल 178.784 बीसीएम है, जो देश में कुल अनुमानित संचय क्षमता का 69.35 प्रतिशत है। व्यापक संचय क्षमता के बावजूद, मौजूदा आंकड़ों से पता चलता है कि मौजूदा जल संचय पिछले वर्ष के जलस्तर का केवल 79 प्रतिशत और 'सामान्य जल संचय' का 90 प्रतिशत है, जिसकी गणना पिछले 10 वर्षों के औसत जल संचय के आधार पर की जाती है। गुजरात और महाराष्ट्र समेत पश्चिमी क्षेत्र के 49 जलाशयों की कुल संचय क्षमता 37.130 बीसीएम है, लेकिन वर्तमान जल संचय 9.398 बीसीएम (कुल क्षमता का 25 प्रतिशत) है, जो पिछले वर्ष के 32 प्रतिशत और सामान्य संचय स्तर 27 प्रतिशत से कम है। मध्य क्षेत्र में 26 जलाशय हैं, जिनकी कुल संचय क्षमता 48.227 बीसीएम है, मौजूदा जल संचय 13.035 बीसीएम है जो पिछले साल के 39 फीसदी और सामान्य संचय स्तर 32 फीसदी से कम है। इस क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मप्र और छत्तीसगढ़ शामिल हैं। दक्षिणी क्षेत्र के अंतर्गत आंध्रा, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल व तमिलनाडु आते हैं और इसमें मिश्रित रुझान दिखा। इस क्षेत्र के जिन 42 जलाशयों की निगरानी की गई उनकी कुल संचय क्षमता 53.334 बीसीएम है, जबकि मौजूदा जल संचय 13.767 बीसीएम (कुल क्षमता का 26 फीसदी) है। पिछले वर्ष के 22% से बेहतर है, लेकिन 27% के सामान्य संचय स्तर से कम है। देश के 150 जलाशयों के डाटा के आधार पर भारत की कुल जल संचय क्षमता का आकलन 66.782 बीसीएम किया गया है।



उत्तरी क्षेत्र में जल स्तर में उल्लेखनीय कमी का सामना कर रहा है। इस क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान शामिल हैं। जिन 10 जलाशयों की निगरानी की गई है, उनकी कुल संचय क्षमता 19.663 बीसीएम है, जबकि उनकी वर्तमान संचय क्षमता 5.979 बीसीएम (क्षमता का 30 प्रतिशत) है। यह पिछले वर्ष के 63 प्रतिशत और 'सामान्य संचय स्तर' 35 प्रतिशत से काफी कम है। पूर्वी क्षेत्र के अंतर्गत असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नगालैंड और बिहार के जलाशयों के जलस्तर में भी कमी देखी गई है। इस क्षेत्र के 23 जलाशयों की संयुक्त संचय क्षमता 20.430 बीसीएम है, लेकिन वर्तमान संचय क्षमता 4.132 बीसीएम (कुल क्षमता का 20 प्रतिशत) है। पिछले वर्ष जल संचय 22 प्रतिशत था और सामान्य संचय स्तर 24 प्रतिशत था।

### हिमाचल प्रदेश की नदी घाटियों में 12.72 फीसदी घटा बर्फ आवरण

**शिमला (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश में चिनाब, ब्यास, रावी और सतलुज नदी घाटियों में 2023-24 में बर्फबारी के मौसम के दौरान बर्फ आवरण में 12.72 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी जबकि 2022-23 में बर्फ आवरण 14.25 प्रतिशत कम रहा था। बर्फ आवरण, एक ऐसा क्षेत्र है जो बर्फ से ढका होता है। अध्ययन में कहा गया कि 2023-24 के सर्दियों के महीनों (अक्टूबर से नवंबर) की शुरुआत के दौरान चिनाब, ब्यास और सतलुज घाटियों में बर्फ आवरण में कमी देखी गई जबकि रावी में मामूली वृद्धि दर्ज हुई। हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के तत्वावधान में 'स्टेट सेंटर ऑन क्लाइमेट' चेंज द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, सर्दियों के महीनों में जब ठंड सबसे ज्यादा थी तब भी सभी घाटियों में बर्फ आवरण में गिरावट दर्ज की गई थी।

## खबर संक्षेप



### राजग सरकार शायद नहीं रहेगी: ममता

**मुंबई(भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र की भाजपा नीत राजग सरकार अस्थिर है और हो सकता है कि यह अपना कार्यकाल पूरा न कर पाए। ममता ने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से मुंबई के बांद्रा स्थित उनके आवास 'मातोश्री' में मुलाकात की।

### महिला डॉक्टर को ठगों ने लगाया 28 लाख का चूना

**मुंबई।** ऑनलाइन स्कैम भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं। लोग रोज तरह-तरह के स्कैम के शिकार हो रहे हैं। सोशल मीडिया के जरिए लोगों के साथ स्कैम करना बहुत ही आसान हो गया है। ठगों ने लिंकडिन पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर एक महिला के साथ ठगी की है। डॉक्टर के साथ एक साइबर ठग ने 28 लाख रुपए की धोखाधड़ी की।

### पूर्व सीएम रेड्डी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**अमरावती।** आंध्र के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी मुश्किल में घिरते दिख रहे हैं। उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ है। इसमें दो आईपीएस अधिकारियों का भी नाम है। पुलिस ने ये कार्रवाई टीडीपी के एक विधायक की शिकायत पर दर्ज किया है।

### 8 बिल खारिज करने पर सुको पहुंची बंगाल सरकार

**कोलकाता(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में एक बार फिर ममता बेनर्जी और गवर्नर सीवी आनंद बोस के बीच ठन गई है। ममता सरकार के 8 विधेयकों को गवर्नर बोस द्वारा खारिज करने से यह नया विवाद उपजा है। ममता सरकार ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बंगाल सरकार ने सुको में दाखिल याचिका पर देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ से तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया है।

## डीयू में मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव पर बोले प्रधान

# धर्मग्रंथ के विवादास्पद हिस्से को शामिल करने का सवाल ही नहीं

### विवि के कुलपति प्रस्ताव को खारिज कर चुके

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के कानून के छात्रों को मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव पर उठे विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि पाठ्यक्रम में किसी भी धर्म ग्रंथ के किसी भी विवादास्पद हिस्से को शामिल करने का कोई सवाल ही नहीं है।

प्रधान ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह ने बृहस्पतिवार को ही विधि छात्रों को मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान की सच्ची भावना को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधान ने हैदराबाद में संवाददाताओं से कहा कि कल हमें कुछ जानकारी मिली थी कि मनुस्मृति विधि संकाय पाठ्यक्रम (डीयू में) का हिस्सा होगी। मैंने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति से बात की। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि विधि संकाय के कुछ सदस्यों ने न्यायशास्त्र अध्याय में कुछ बदलावों का प्रस्ताव दिया है। 'शैक्षणिक परिषद में ऐसे किसी प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया गया है। कुलपति ने प्रस्ताव खारिज कर दिया।




#### यह था पूरा मामला

दिल्ली विश्वविद्यालय के एलएलबी छात्रों को मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव पर शुक्रवार को इसकी शैक्षणिक परिषद की बैठक में चर्चा होनी थी, इस कदम की शिक्षकों के एक वर्ग ने आलोचना की। विधि संकाय ने अपने प्रथम और तृतीय वर्ष के छात्रों को मनुस्मृति पढ़ाने के लिए पाठ्यक्रम में संशोधन करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था से मंजूरी मांगी थी। न्यायशास्त्र पेपर के पाठ्यक्रम में बदलाव एलएलबी के सेमेस्टर एक और छह से संबंधित थे।

#### एलएलबी छात्रों को 'मनुस्मृति' पढ़ाने के प्रस्ताव का विरोध स्वाभाविक : मायावती




लखनऊ (भाषा) बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में एलएलबी के छात्रों को 'मनुस्मृति' पढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर हो रहे विरोध को स्वाभाविक बताते हुए कहा कि यह प्रयास कतई उचित नहीं हैं। बसपा नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि भारतीय संविधान के मान-सम्मान व मर्यादा तथा इसके समतामूलक एवं कल्याणकारी उद्देश्यों के विरुद्ध जाकर दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मनुस्मृति पढ़ाए जाने का प्रस्ताव रखा गया।

#### मनुस्मृति विवाद की 'नौटंकी' से बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता : कांग्रेस



कांग्रेस ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में 'मनुस्मृति' को पढ़ाए जाने का प्रस्ताव खारिज होने के बाद शुक्रवार को कहा कि इस "नौटंकी से बेवकूफ नहीं बनाया" जा सकता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस घटनाक्रम के माध्यम से स्थिति का अंदाजा लगाने की कोशिश की है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि किसी को भ्रम में नहीं रहना चाहिए।

### भारत सतत और निर्बाध प्रगति कर रहा: धनखड़



**मुंबई (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत सतत और निर्बाध प्रगति कर रहा है तथा उसे लगातार वैश्विक संस्थानों की सराहना मिल रही है। मुंबई में नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज विश्वविद्यालय में एक व्याख्यान देते हुए धनखड़ ने कहा कि अगले पांच वर्षों में भारत उस रॉकेट की तरह प्रगति करेगा, जो गुरुत्वाकर्षण बल को चुनौती देता है। उन्होंने साथ ही कहा कि शिक्षा समानता हासिल करने का सबसे प्रभावशाली परिवर्तनकारी तंत्र है।

### मादक पदार्थों के साथ अमृतपाल सिंह का भाई और दो अन्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** कट्टरपंथी सिख उपदेशक एवं खडूर साहिब लोकसभा सीट से सांसद अमृतपाल सिंह के भाई हरप्रीत सिंह और दो अन्य को जालंधर पुलिस ने मादक पदार्थ से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (जालंधर ग्रामीण) अंकुर गुप्ता ने जालंधर में कहा कि हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी को उसके एक अन्य साथी लवप्रीत सिंह उर्फ लव के साथ बृहस्पतिवार शाम को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे दोनों मादक पदार्थ का "सेवन" करने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि लुधियाना के हैबोवाल क्षेत्र निवासी संदीप अरोड़ा नामक एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 137 दिनांक 10.07.2024 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना लाखन माजरा जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
नाम - **राबुदीबाई**
पिता/पति का नाम -
पता- निवासी गांव गिरावड़
उम्र - 33 वर्ष
कद - 5 फुट 1 ईंच
**हुलिया:-** रंग सांवला, गोल चेहरा, सिर के बाल छोटे, जिसके हाथ पर बिच्छु बना हुआ।
**पहनावा:-** हरे रंग का सूट सलवार, व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 10.07.24 को राबुदीबाई निवासी गांव गिरावड जो बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

**प्रबन्धक थाना लाखना माजरा रोहतक :-7082999128**
**पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200-9996464100**
**अनुसंधानकर्ता थाना लाखना माजरा रोहतक :- 9992387209**

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 423 दिनांक 10.07.2024 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - **शशि।**
पिता/पति का नाम - **पत्नी रामतीर्थ।**
पता- वार्ड नं.-1, सैनिक कालोनी, जिला रोहतक
उम्र - 32 वर्ष
कद - 5 फुट 3 ईंच
**हुलिया:-** रंग गेहुआ, गोल चेहरा, ठोडी पर निशान चोट।
**पहनावा:-** सूट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 10.07.24 को शशि पत्नी रामतीर्थ निवासी वार्ड नं. 1 सैनिक कालोनी जिला रोहतक अपने बच्चों पुत्री चंचल बाउम्र 9 साल व बेटा उतम उम्र 10 महीने दोनों को साथ लेकर बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

**प्रबन्धक थाना शहर रोहतक :-7082999115**
**पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200-9996464100**
**अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक :- 9468116495**

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**जी.डी. संख्या 39 दिनांक 10.07.2024 धारा 194 BNSS थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**



**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**
नाम - **नहीं पता**
पिता/पति का नाम - **नहीं पता**
पता- नहीं पता
उम्र - करीब 35-40 वर्ष
कद - करीब 5 फुट
**हुलिया:-** रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, कमजोर शरीर, चेहरे पर सफेद बाल व दाढी
**पहनावा:-** पीले रंग की टी-शर्ट उसके नीचे नीले रंग की बनियान, स्लेटी रंग की लोवर पहने हुए है।

दिनांक 10.07.24 को एक नाम पता नामलूम व्यक्ति की लाश काठमण्डी पुल के ऊपर रोड की साईड में मृत अवस्था में मिली है। जिसके वारसान का अभी तक कोई सुराग नहीं पता चला है। अदमशिनाख्त नाश को बाद पोस्टमार्टम 72 घंटे के लिए शिनाख्त हेतू PGIMS रोहतक के डैड हाउस में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

**प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी, रोहतक :-7082999119**
**पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200-9996464100**
**अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक :- 8295888887**

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**जी.डी. संख्या 18 दिनांक 10.07.2024 धारा 194 BNSS थाना सिविल लाईन जिला रोहतक।**



**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**
नाम - **नहीं पता**
पिता/पति का नाम - **नहीं पता**
पता- नहीं पता
उम्र - करीब 35 वर्ष
कद - करीब 5 फुट 8 ईंच
**हुलिया:-** रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, कमजोर शरीर
**पहनावा:-** काली शर्ट, हरे रंग की लोवर, गले में लाल रंग की मणियों की माला पहने हुए है।

दिनांक 10.07.24 को एक नाम पता नामलूम व्यक्ति की लाश बजरंग भवन मन्दिर की फाटक के पास बने रेलवे पुल के नीचे मृत अवस्था में मिली है। जिसके वारसान का अभी तक कोई सुराग नहीं पता चला है। अदमशिनाख्त नाश को बाद पोस्टमार्टम 72 घंटे के लिए शिनाख्त हेतू PGIMS रोहतक के डैड हाउस में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

**प्रबन्धक थाना सिविल लाईन, रोहतक :-7082999117**
**पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200-9996464100**
**अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक :- 7988052674**

पीआरडीएच-1084/11/2518/2025/27736/88/6 दि. 12.07.2024


# महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में एनडीए ने 11 में 9 सीटें जीतीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई



■ इंडि गठबंधन के दो प्रत्याशी जीते, कांग्रेस के 7 से 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की

महाराष्ट्र में विधान परिषद (एमएलसी) के चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत हुई है। गठबंधन ने कुल सीटों 11 में 9 पर कब्जा जमाया है। वहीं इडि गठबंधन के तीन उम्मीदवारों में से सिर्फ दो ही जीत सके। कांग्रेस के 7 से 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करने का समाचार है। वहीं 11 सीटों पर हुई गिनती में भाजपा को 5, शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित पवार गुट को 2-2 सीटों पर जीत मिली है। वहीं आई.एन.डी. आई.ए गठबंधन से शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस ने एक-एक सीट जीती हैं। शरद पवार के समर्थन से खड़े जयंत पाटिल चुनाव हार गए हैं। 11 सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था। इसके बाद गिनती हुई। विधान परिषद चुनाव में जीत के लिए एक कैंडिडेट को 23 विधायकों के वोट चाहिए थे। इनमें भाजपा के 103, शिवसेना (शिंदे गुट) के 38, एनसीपी (अजित गुट) के 42, कांग्रेस के 37, शिवसेना (यूबीटी) के 15 और एनसीपी (शरद पवार) के 10 विधायक हैं।

# कर्नाटक में एससी-एसटी को आवंटित पैसा राहुल की गारंटियों पर हो रहा खर्च

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

■ अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए आवंटित 39,121 करोड़ रुपए में से 14,730 करोड़ रुपए को डायवर्ट किया गया : मेघवाल

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय कानून राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आवंटित राशि को "राहुल गांधी की गारंटी" पर खर्च करने के लिए जमकर आलोचना की। मेघवाल ने केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह फंड डायवर्जन किसी छोटी राशि का नहीं, बल्कि बहुत बड़ी राशि का है। राहुल एक ओर हाथ में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी पार्टी की राज्य सरकार संविधान का उल्लंघन करती है।केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि राहुल संसद में संविधान की प्रति को लेकर घूमते हैं, उसी संविधान में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए यह प्रावधान है कि इनके लिए जो आवंटित राशि होगी, वह उनके कल्याण की योजनाओं पर ही खर्च की जाएगी। लेकिन कर्नाटक में इस राशि का उपयोग राहुल की गारंटियों को पूरा करने में खर्च किया जा रहा है। यह स्पष्ट तौर पर संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि संविधान के आर्टिकल 338 में अनुसूचित जाति राष्ट्रीय आयोग की व्यवस्था की गई है।

### आरएसएस मानहानि मामले में राहुल गांधी को राहत

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने भिवंडी कोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ आरएसएस के कार्यकर्ता राजेश कुंटे द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों को स्वीकार करने की अनुमति दी गई थी।


प्रेस नोट/शुद्धिपत्र

## कार्यालय जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतक

विषयः नकारा स्कूल के भवनों की सामग्री की नीलामी करने बारे।

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में जिला स्तरीय कमेटी द्वारा निम्न विद्यालयों के नकारा भवन की बोली की जानी है। अनुमानित राशि सामने अंकित है। अतः इन भवनों की मौके पर नीलामी के लिए तिथि व समय भी सामने अंकित है। नियम व शर्तें पूर्वतः ही लागू रहेंगी :-

| क्रमांक | विद्यालय का नाम | अनुमानित राशि | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | GPS ANWAL | 1.32 | 15.07.2024 | 10:00AM |
| 2. | GPS LAHLI | 1.104 | 16.07.2024 | 10:00AM |
| 3. | GPS CHIRI | 0.92 | 17.07.2024 | 10:00AM |
| 4. | GPS CHIRI BLOCK | 1.59 | 17.07.2024 | 12:00AM |
| 5. | GPS KHARAINTI | 1.818 | 18.07.2024 | 10:00AM |
| 6. | GMSPS BAINSI | 0.21 | 19.07.2024 | 10:00AM |
| 7. | GPS NANDAL | 3.10 | 22.07.2024 | 10:00AM |
| 8. | GPS INDERGARH | 0.16 | 23.07.2024 | 10:00AM |
| 9. | GMSPS LAKHAN MAJRA | 0.295 | 24.07.2024 | 10:00AM |

Conditions:
1. Every bidder will have to deposit a sum of Rs.25000/- in shape of Bank Draft Drawn in favour of DEEO Rohtak & payable at Rohtak the undersigned to qualify for bidding which will be refunded at the end of auction except for successful bidder.
2. The successful bidder will have to deposit 25% of the amount of bidd at the fall of hammer and the remaining 75% will be deposited after the approval is given to him. In case of failure all deposited money will be forfeited.
3. An additional amount of 10% of total bid money will have to be deposited by the successful bidder as security in Demand Draft in favour of the District Elementary Education Officer Rohtak which will be refunded after the completion of work.
4. The building is to be demolisged and site should be cleared within one month of issue of approval, failing which the remaining salvage will be taken in the Government. Possession and no claim what so ever will be enterained.
5. Any infomation in this regard can be had from the office of the District Elementary Education Officer Rohtak.
6. The Jurisdiction of court for any dispute between the parties be at Rohtak.
7. In case due to unavoidable circumstances the possession of the building to be dismantled is not given in time then no extra compensation will be paid to the contractor only extension in time will be granted.

हस्ता/-
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी
रोहतक

पीआरडीएच-1132/11/66/2025/27740/88/6 दि. 12.07.24


# ग्राम अदालतों की स्थापना से लंबित मामले घटेंगे: सुको

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि ग्राम न्यायालय स्थापित करने से नागरिकों को किफायती और त्वरित न्याय उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और निचली अदालतों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या में कमी आएगी। संसद द्वारा पारित एक अधिनियम में नागरिकों को न्याय तक पहुंच प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने जमीनी स्तर पर ग्राम न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान किया गया था कि सामाजिक, आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण कोई भी न्याय हासिल करने के अवसरों से वंचित न हो। कोर्ट ने राज्यों के मुख्य सचिवों और उच्च न्यायालयों के महापंजीयकों को 6 सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर ग्राम न्यायालयों की स्थापना और संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया।

### हाथरस हादसे पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हाथरस भगदड़ मामले पर दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि घटना परेशान करने वाली है, लेकिन ऐसे मामलों में हाइकोर्ट ही पर्याप्त है। कोर्ट ने याचिका लगाने वाले को हाईकोर्ट जाने को कहा। इस जनहित याचिका में हादसे की जांच की मांग की गई थी। 2 जुलाई को दाखिल याचिका में कहा गया था- जांच के लिए पांच एक्सपर्ट की टीम गठित की जाए। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में जांच हो।

# जमानत पर रोक दुर्लभ एवं असाधारण केसों में ही लगाए

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि अदालतों को यांत्रिक तरीके से और बिना कोई कारण बताए जमानत आदेशों पर रोक लगाने से बचना चाहिए। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि किसी आरोपी को राहत देने से केवल दुर्लभ और अपवादस्वरूप मामलों में ही इनकार किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अदालतें किसी आरोपी की स्वतंत्रता को लापरवाह तरीके से बाधित नहीं कर सकतीं।

■ अदालतें किसी आरोपी की स्वतंत्रता को लापरवाह तरीके से बाधित नहीं कर सकतीं

पीठ ने कहा कि अदालतों को जमानत आदेश पर सिर्फ दुर्लभ और अपवादस्वरूप मामलों में ही रोक लगानी चाहिए, जैसे कोई व्यक्ति आतंकवादी मामलों में शामिल हो, जहां आदेश विकृत हो या कानून के प्रावधानों को दरकिनार किया गया हो। आप इस तरह से स्वतंत्रता को प्रतिबंधित नहीं कर सकते। यह विनाशकारी होगा। अगर हम इस तरह से स्थगन देते हैं, तो यह विनाशकारी होगा। (आखिर) अनुच्छेद 21 का क्या होगा।"

### दिल्ली उच्च न्यायालय का बिभव को जमानत देने से इनकार

**नई (भाषा)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप की राज्यसभा सदस्य स्वाती मालीवाल से मारपीट करने के मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को जमानत देने से मना कर दिया। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कुमार की जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा कि वह 'काफी प्रभावी' व्यक्ति हैं और उन्हें राहत देने के लिए उचित आधार नहीं बनता।




## महाराष्ट्र में हावी हो रही जातिगत राजनीति पर भड़के गडकरी

# जो कोई करेगा जातिवाद की बात उसका कर दिया जाएगा 'बायकॉट'

एजेंसी ⏭ पणजी

### सड़क परिवहन मंत्री ने जाति की राजनीति करने वाले नेताओं पर निशाना साधा

भाजपा के नेता और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कास्ट की पॉलिटिक्स करने वाले नेताओं पर निशाना साधा है। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि महाराष्ट्र में इस समय जातिवाद की राजनीति हो रही है।

मैं किसी भी तरह के जात-पात को नहीं मानता हूं और जो इसकी बात करेगा तो मैं उसको सबक सिखाऊंगा। उसका बायकाट कर देंगे। गडकरी ने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में करीब 40 फीसदी मुसलमान हैं। मैंने उनको पहले ही बता दिया था कि मैं आरएसएस वाला हूं और हाफ चड्डी वाला हूं। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि किसी को वोट देने से पहले सोच लो कि बाद में पछताना न पड़े। गडकरी ने कहा कि जो मुझे वोट देगा उनका भी काम होगा और जो वोट नहीं देगा उनका काम भी मैं करूंगा।

### कोई भी जाति के आधार पर बड़ा नहीं होता



गडकरी ने कहा कि कोई भी शख्स जाति के आधार पर बड़ा नहीं होता है। गरीबी, भूखमरी और रोजगार सबके लिए है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिलेंडर हो या कोई अन्य चीज अगड़ी और पिछड़ी जाति के लोग एक ही रेट पर इसे खरीदते हैं। इसके साथ ही गडकरी ने कहा कि पेट्रोल हिंदू और मुसलमान एक ही कीमत पर खरीदते हैं।

### महाराष्ट्र में इसी साल होंगे विधानसभा चुनाव

*इस साल महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। अक्टूबर-नवंबर के महीने में राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए इलेक्शन होगा।*

### एमआईएपी को जोड़ने वाले हाईवे रोड का किया लोकार्पण

गडकरी ने गोवा में मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे रोड का लोकार्पण किया। 1,183 करोड़ की लागत वाली 7 किमी लंबी मोपा लिंक परियोजना से कनेक्टिविटी में सुधार होगा। तेज़ और परेशानी मुक्त यात्रा की सुविधा भी मिलेगी। इस सहयोग के लिए गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे मोपा के लिए 6-लेन पहुंच-नियंत्रित लिंक रोड गोवा राज्य में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का नया प्रवेश द्वार है।

*अपनी ही पार्टी को दी खास सलाह*

### कांग्रेस जैसी गलती न करें, जनता का विश्वास जीतें

गडकरी ने कहा कि भाजपा एक अलग तरह की पार्टी है और यही वजह है कि पार्टी ने बार-बार वोटरों का विश्वास जीता है। उन्होंने भाजपा को कांग्रेस द्वारा की गई गलतियों को दोहराने को लेकर आगाह किया। भाजपा को वो गलतियां नहीं करनी हैं जो कांग्रेस ने कीं और उसकी वजह से देश की सबसे पुरानी पार्टी को सत्ता से बेदखल होना पड़ा। गडकरी ने इस बात पर जोर दिया कि अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती रही है, तो उनके जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है।

### भाजपा अलग की कैडर वाली पार्टी

अपने 40 मिनट के भाषण में केंद्रीय मंत्री ने अपने गुरु और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के इस कथन को याद किया और कहा कि आडवाणी जी कहा करते थे कि हम एक अलग पार्टी हैं। हमें समझना होगा कि हम अन्य पार्टियों से कितने अलग हैं?

## देश-विदेश के वीवीआईपी मेहमान पहुंचे

### बारात में नाचे डब्ल्यूडब्ल्यूई चैम्पियन जॉन

# एक दूजे के हुए अनंत अंबानी और राधिका



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

12 जुलाई अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट जन्मों जन्मांतर के बंधन में बंध गए। जियो वर्ल्ड सेंटर में अनंत-राधिका की शाही शादी हुई। अनंत-राधिका की आलीशान शादी को सालों तक याद रखा जाएगा। वेडिंग में अंबानी फैमिली का हर मेंबर रॉयल लगा। अनंत-राधिका की शादी के ये फंक्शन 14 जुलाई तक चलेंगे। ग्रैंड स्केल पर हुई इस वेडिंग में देश-विदेश के वीवीआईपी मेहमान शिरकत करने पहुंचे। कर्दाशियां सिस्टर्स, जॉन सीना, रेमा समेत कई हॉलीवुड और इंटरनेशनल सेलेब्रिटी साल की सबसे बड़ी शादी के गवाह बने। फिल्मी सितारे भी इस ग्रैंड वेडिंग में शामिल हुए। हीरोइनों ने जमकर फैशन का टशन दिखाया। दूल्हे राजा करोड़ों की लग्जरी कार में सवार होकर वेडिंग वेन्यू पहुंचे। डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर और हॉलीवुड एक्टर जॉन सीना, अनंत अंबानी की शादी में भरपूर मस्ती कर रहे हैं। जॉन को शादी में साफा बंधवाते देखा गया।

### फूलों से सजी कार



*अनंत अंबानी की शादी के लिए बारात इतनी धूमधाम से निकली। देखने वालों की आंखें चमक उठीं, जैसे ही एंटीलिया से फूलों से सजी कार बाहर निकली इसकी शान ने हैरान कर दिया। गाड़ी के निकलने की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो गईं। अनंत की शादी के मौके पर अंबानी परिवार ने घर के अहम सदस्यों को याद किया। वेडिंग वेन्यू पर नीता अंबानी के पिता (रविंद्रभाई दलाल) और मुकेश अंबनी के पापा (धीरूभाई अंबानी) की तस्वीरों को लगाया गया। दोनों की तस्वीरों के फ्रेम के चारों तरफ फूलों से डेकोरेशन की गई।*

### शादी में 3 हजार करोड़ रुपये खर्च

अनंत अंबानी और राधिका की शादी के फंक्शन में अंबानी परिवार 3000 करोड़ रुपए खर्च किया। शादी से पहले हल्दी और मेहंदी के जो प्री वेडिंग फंक्शन हुए थे। ये फंक्शन मुंबई में हुआ था और इसमें जस्टिन बीबर ने परफॉर्म किया था। कुल मिलाकर शादी का खर्च तकरीबन 5 करोड़ है।

## सेनाप्रमुख ने पूर्वोत्तर में एलएसी पर परखी सेना की रणनीतिक तैयारियां

**नई दिल्ली हरिभूमि( ब्यूरो)।** पूर्वी लद्दाख में बीते चार साल से अधिक समय से जारी विवाद के बीच सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वोत्तर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगे इलाकों में सेना की रणनीतिक और परिचालन संबंधी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की है।



दरअसल जनरल द्विवेदी बीते गुरुवार से क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इसमें उन्होंने उत्तरी सीमा से लेकर पूर्वोत्तर स्थित राज्यों में मौजूद सेना की विभिन्न संरचनाओं (नागालैंड में 3 कोर, तेजपुर में 4 कोर और पश्चिम बंगाल में 33 कोर) में बल की तैयारियों का जायजा लिया। सेना के सार्वजनिक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ल (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। इसमें बताया कि सेनाप्रमुख की इस यात्रा में उनके साथ पूर्वी कमांड के प्रमुख (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल आर.सी.तिवारी व अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे।

## नेपाल में दो बसें नदी में बहीं 7 भारतीयों समेत 60 लापता

- उफनाई त्रिशूली नदी में बह बसें
- दोनों बसों में 65 यात्री सवार थे
- एक अन्य हादसे में 11 की मौत



**काठमांडू( भाषा)।** नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आई दो बसों के नदी में बहने से उनमें सवार 60 से अधिक यात्रियों के लापता होने की खबर है। लापता यात्रियों में 7 भारतीय हैं। बताया जा रहा है कि 65 यात्रियों को ले जा रही दो बसें चितवन के सिमलताल में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनाई त्रिशूली नदी में बह गईं। इस बीच, एक अन्य घटना में कास्की जिले में बृहस्पतिवार को लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ में 11 लोगों की मौत होने की सूचना है। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने इस हादसे की पुष्टि की। यादव ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस और राजधानी से गौर के लिए रवाना हुई गणपति डीलक्स तड़के साढ़े तीन बजे भूस्खलन की चपेट में आ गई और यह हादसा हो गया।

# एक शांत और समृद्ध बिम्सटेक को लेकर प्रधानमंत्री ने दोहराई भारत की प्रतिबद्धता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में दो दिनों से जारी ह्यद बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड आर्थिक कोआपरेशनह्ल (बिम्सटेक) देशों के विदेश मंत्रियों के दूसरे सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। लेकिन इसके पूर्व में समूह के सातों देशों के विदेश मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त रूप से शिष्टाचार मुलाकात की। इसमें प्रधानमंत्री ने एक शांत, सुरक्षित, समृद्ध और लचीले बिम्सटेक को लेकर भारत की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि इसकी भूमिका आर्थिक और सामाजिक विकास में एक इंजन के समान है। इस मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ल (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बम्सिटेक के विदेश मंत्रियों से मिलकर खुशी हुई। उनके साथ कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, वज्ञिान, सुरक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इसी साल सितंबर महीने में सफल शिखर सम्मेलन के लिए थाईलैंड को पूर्ण समर्थन दिया। यहां बता दें कि समूह में भारत के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, भूटान और थाईलैंड शामिल हैं। बिम्सटेक भारत की पड़ोस सबसे पहले, पूर्व की ओर देखो नीति और सागर विजन में खासा महत्व रखता है।

## जलवायु परिवर्तन रोधी उपायों का इस्तेमाल मनमाने व्यापार प्रतिबंधों के लिए नहीं होना चाहिए: बिरला



- लोक सभा अध्यक्ष बिरला ने ब्रिक्स संसदीय मंच के पूर्ण अधिवेशन को संबोधित किया

**नई दिल्ली।** रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित किए जा रहे 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शष्टिमंडल का नेतृत्व कर रहे लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ह्यबहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के विखंडन को रोकने और वैश्विक संकट के परिणामों से संबंधित चुनौतियों से निपटने में संसदों की भूमिकाह्ल विषय पर पूर्ण सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि हालांकि सतत विकास में पर्यावरण संरक्षण शामिल है, तथापि, विभिन्नि देशों के अलग-अलग आर्थिक विकास स्तरों को ध्यान में रखते हुए इस लक्ष्य को न्यायसंगत तरीके से प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिनिधियों को सचेत करते हुए कहा कि पर्यावरण संबंधी कार्रवाईयों के रूप में उचित ठहराए जाने वाले एकतरफा उपायों से व्यापार प्रभावित हो रहा है, वश्वि व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन हो रहा है और अंतर्राष्ट्रीय कानून, समानता और यूएनएफसीसीसी (संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन) और एनडीसी के सद्धिांत कमजोर हो रहे हैं।

## खुदरा महंगाई दर फिर 5% के पार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल रहा जारी

**नई दिल्ली।** सांख्यिकी मंत्रालय ने जून महीने के लिए खुदरा महंगाई दर के आंकड़े घोषित किए हैं। डेटा के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल के चलते खुदरा महंगाई दर 5.08 फीसदी रही है जो मई में 4.75 फीसदी रही थी जिसे अब रिवाइज कर 4.80 फीसदी कर दिया गया है। एक साल पहले जून 2023 में खुदरा महंगाई दर 4.87 फीसदी रही थी। जून महीने में खाद्य महंगाई दर 9.36 फीसदी रही है जो मई में 8.83 फीसदी रही थी। जून 2023 में खाद्य महंगाई दर 4.31 फीसदी रही थी।

### औद्योगिक उत्पादन बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर पर

- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5 .9 फीसदी बढ़ा

खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल मई में देश का औद्योगिक उत्पादन सात महीने के उच्चतम स्तर 5.9 प्रतिशत पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मई 2023 में 5.7 प्रतिशत बढ़ा था। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मई 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.9 प्रतिशत बढ़ा।

### आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स, निफ्टी शीर्ष पर

**मुंबई।** टीसीएस के अच्छे नतीजों से उत्साहित होकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक अपने नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में 622 अंक और निफ्टी में 186 अंकों की बड़ी उछाल दर्ज की गई। निवेशकों की संपत्ति भी 1.17 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। कारोबारियों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 622 अंक उछलकर 80,519.34 के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 996.17 अंक तक उछला। निफ्टी भी 186.20 अंक बढ़कर 24,502.15 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

## सोना 250 रुपये मजबूत, चांदी में 200 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूती दिखी और राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को यह 250 रुपये की मजबूती के साथ 75,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की तेजी के साथ 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जबकि बुधवार को सोने में 400 रुपये की तेजी आई थी। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक कीमतों में नरमी के बीच स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की सतत खरीदारी के कारण कीमतों में तेजी आई है।




## अगली बैठक आयोजित करने पर बनी सहमति

# भारत-कतर ट्रेड प्रमोशन को सुगम बनाने पर तैयार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकारियों के एक समूह ने 10 जुलाई, 2024 को दोहा के कतर में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ एक संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठक की। इस बैठक में भारत के वाणिज्य विभाग, अन्य मंत्रालयों एवं संगठनों के अधिकारियों ने भाग लिया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में व्यवधान उत्पन्न करने वाले सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान निकालने और दोनों देशों के बीच व्यापार संवर्धन (ट्रेड प्रमोशन) को सुगम बनाने पर भी सहमति जताई। इसके अलावा दोनों पक्षों के बीच 2025 में नई दिल्ली में संयुक्त कार्य समूह की अगली बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में इस बारे में जानकारी दी, भारत-कतर संयुक्त कार्य समूह की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने दोहा के कतर में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ एक संयुक्त कार्य समूह की बैठक की।



### जारी चर्चाओं की प्रगति की भी समीक्षा की

बैठक में दोनों पक्षों ने व्यापार को सुगम बनाने और माल पर सीमा शुल्क नियंत्रण के लिए आगमन-पूर्व सूचना के आदान-प्रदान में खाद्य सुरक्षा और सहयोग पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) के लिए जारी चर्चाओं की प्रगति की भी समीक्षा की और उन्हें शीघ्र पूर्ण करने पर सहमति जताई। मंत्रालय ने बताया दोनों पक्षों ने व्यापार और निवेश सहयोग के लिए निजी क्षेत्र के दृष्टिकोण और प्रस्तावों का अनुसरण करने और उन्हें कार्यान्वित करने में अपनी निर्धारित भूमिका निभाने के लिए संयुक्त व्यापार परिषद को सक्रिय करने की संभावित व्यवस्था पर भी विचार-विर्मश किया।

## यूक्रेन द्वारा यूएनजीए में रूस के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव से भारत ने बनाई दूरी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** यूक्रेन द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में रूस के खिलाफ लाए गए मसौदा प्रस्ताव से भारत ने दूरी बनाई है। इसमें रूस को यूक्रेन के खिलाफ जारी आक्रामकता को रोकने, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के तहत नर्धिारित यूक्रेनी क्षेत्र जेपोरेजिया परमाणु संयंत्र से बिना किसी शर्त के सेनाओं और अन्य अनाधिकृत कर्मियों को हटाने की मांग की गई। साथ ही ये कहा गया कि यूक्रेन के चुनौतीपूर्ण ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर रूसी फौजों के कब्जे से परमाणु दुर्घटना होने या ऐसी घटना का समूचे यूक्रेन में होने का खतरा है। इस प्रस्ताव का शीर्षक ह्यसेफ्टी एंड सक्यिोरिटी ऑफ न्यूक्लियर फैसिलिटी ऑफ यूक्रेन, इंक्लूडिंग द जेपोरेजिया न्यूक्लियर पावर प्लांटह्ल था। जिसे यूक्रेन महासभा में लेकर आया और उसे अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी सहित दुनिया के 50 देशों की तरफ का समर्थन मिला। 193 सदस्यीय महासभा ने पिछले गुरुवार देर रात इस प्रस्ताव को स्वीकार किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25